■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-10 अंक-4
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 24 फरवरी , 2025



महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

डीएम ने केपीएम अस्पताल का किया औचक निरीक्षण 8

केजरीवाल अच्छा काम कर रहे थे, लेकिन शराब की दुकानें खोलना लोगों को पसंद नहीं आया' अन्ना हजारे 6

## 200 मीटर नीचे मलबे में फंसे श्रमिकों के पास पहुंची सेना, बचाव कार्य तेज



हैदराबाद। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निर्माणाधीन हिस्से की छत का एक हिस्सा ढह जाने से शनिवार को आठ मजदूर फंस गए। उन्हें निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) बचाव अभियान में शामिल हो गए हैं और सुरंग के काफी अंदर पहुंच गए हैं। सेना ने भी बचाव कार्यों के लिए अपने इंजीनियर टास्क फोर्स (ईटीएफ) को तेजी से तैनात किया है। अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक तकनीक से लैस ईटीएफ दुर्घटना स्थल पर मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभियान चला रहा है।

सूत्रों ने बताया कि यहां से करीब 150 किलोमीटर दूर नागरकुरनूल जिले में घटनास्थल पर पहुंची टीम ने फंसे हुए लोगों के नाम पुकारे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

बचावकर्मी सुरंग के 13 किलोमीटर अंदर तक पहुंच गए हैं। बचाव दल ने बताया कि 200 मीटर का हिस्सा मलबे से भरा है। जब तक यह मलबा साफ नहीं हो जाता, वे फंसे हुए मजदूरों का सही स्थान नहीं ढूंढ पाएंगे और उन्हें बचा नहीं पाएंगे।

बचावकर्मियों को लोहे, मिट्टी और सीमेंट के ब्लॉक से भरा मलबा हटाना होगा। बचाव दल 13 किलोमीटर अंदर तक पहुंचने में सफल रहे। वे उस स्थान पर स्थिति का आकलन कर रहे हैं, जहां शनिवार को आखिरी बार सुरंग खोदने वाली मशीन रखी गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को कहा, %(बचाव) दल लगभग अंतिम बिंदु (मशीन तक) पहुंच चुका है। हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

यह दुर्घटना 14 किलोमीटर लंबी श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर सुरंग के प्रवेश द्वार पर रिसाव को रोकने के लिए इस्तेमाल किए गए कंक्रीट के हिस्से के खिसकने के कारण हुई, जो श्रीशैलम से देवरकोंडा तक जाती है। हाल ही में निर्माण कार्य फिर से शुरू होने के बाद, शनिवार सुबह पहली पाली में 50 लोग 200 मीटर लंबी %सुरंग बोरिंग मशीन% के साथ सुरंग के अंदर गए।

## भारत की शानदार जीत, कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली विराट पारी



दुबई। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आज यानी 23 फरवरी को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की है। कुलदीप यादव (तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (नाबाद 100) की शतकीय और श्रेयस अय्यर (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में 45 गेंदें शेष रहते पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। मुकाबले में पाकिस्तानी टीम 49.4 ओवरों में 241 रनों पर सिमट गई। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया है।

पाकिस्तान के 241 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत के रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत करने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने रोहित शर्मा (20) को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में अबरार अहमद ने शुभमन गिल को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 52 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (46) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।39वें ओवर में खुशदिल शाह ने श्रेयस को इमाम अल हक के साथ कैच आउट करा दिया। श्रेयस ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (56) रनों की पारी खेली। हार्दिक पंड्या (आठ) शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने।

## केरल के राज्यपाल पहुंचे महाकुंभ, संगम में लगाई डुबकी

नई दिल्ली। केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर परिवार के साथ शनिवार को यहां पहुंचे और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, अर्लेकर ने संगम में स्नान के बाद कहा, हमारे देश की पुरातन परंपरा महाकुंभ में साकार हो रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभिनंदन के पात्र हैं।उन्होंने कहा, महाकुंभ हमारी राष्ट्रीय एकात्मता का भी प्रतीक है। महाकुंभ के विराट स्वरूप को देखने देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु यहां खिंचे चले आ रहे हैं। हम एक राष्ट्र हैं, पुरातन राष्ट्र हैं। ऐसे में यहां डुबकी लगाने के बाद हमें हमारे सनातन गौरव की अनुभूति होती है।वहीं, शनिवार को ही 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' के सीईओ आशीष चौहान ने भी पत्नी सोनल चौहान के साथ संगम में स्नान और विधिवत पूजा-अर्चना की। प्रसिद्ध अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने भी शनिवार को सपरिवार त्रिवेणी संगम में स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने इसे जीवन में एक बार होने वाली अनुभूति करार दिया।

## राहुल गांधी ने तेलंगाना में सुरंग की छत ढहने की घटना को लेकर चिंता जताई

नई दिल्ली।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद उसमें आठ लोगों के फंसने की घटना को लेकर चिंता व्यक्त की और उनकी सुरक्षा की उम्मीद जताई।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें बताया गया है कि राज्य सरकार बचाव दलों के साथ, फंसे लोगों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि बचाव अभियान जारी है और राज्य सरकार आपदा राहत दलों के साथ फंसे लोगों को बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है।श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निर्माणाधीन खंड की छत का एक हिस्सा शनिवार को ढह जाने से आठ व्यक्ति अंदर फंस गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना की जानकारी लेने के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को फोन किया औरबचाव अभियान के लिए केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।पुलिस के एक वरिष्ठ



(एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल जवानों की एक टीम वहां पहुंच रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज को बुधवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।उनकी वीरता और उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी तथा पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।''उन्होंने कहा, ''वह हमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।'' शिवाजी का जन्म 1630 में हुआ था। शिवाजी ने अपना साम्राज्य स्थापित करने के लिए मुगलों सहित अपने समय के कई मुस्लिम राजाओं से लड़ाई की।मराठा साम्राज्य को सबसे शक्तिशाली साम्राज्यों में से एक माना जाता है। शिवाजी महाराज न केवल सैन्य कौशल के लिए बल्कि प्रशासनिक कौशल के लिए भी जाने जाते थे।

## गुरुग्राम के एक गांव में आंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने से तनाव

गुरुग्राम ।खेड़की दौला पुलिस थाने के प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने कहा, ''हम इस घटना में शामिल लोगों की पहचान करने और उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।''हरियाणा के गुरुग्राम जिले के कांकरोला गांव स्थित आंबेडकर कॉलोनी में कुछ उपद्रवियों ने संविधान निर्माता बी.आर.आंबेडकर की प्रतिमा को कथित तौर पर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके बाद गांव में तनाव फैल गया।पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद पुलिस ने खेड़की दौला थाने में भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।शिकायत के अनुसार, गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) के एक कर्मचारी ने शुक्रवार रात को क्षतिग्रस्त प्रतिमा देखी थी। इसके बाद उसने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने शनिवार को एक पंचायत बुलाई और पुलिस को सूचित किया।खेड़की दौला पुलिस थाने के प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने कहा, ''हम इस घटना में शामिल लोगों की पहचान करने और उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।''

## बाबू पुरवा, बगाही की लक्ष्मी साहू अपने साथी की मदद से गल्ला मंडी पहुंच अपने पति को जान से मारने की रच रही थी साजिश

### कई दिनों से रात में गल्ला मंडी मोहल्ले में पहुंच रच रही थी साजिश, सीसीटीवी कैमरे में दोनों की रैकी करते हुए करतूते हुई कैद मोहल्ले वालों ने रात 1:00 बजे दोनों को पकड़ा और बुलाई 112 पुलिस

कानपुर। बीपीएस न्यूज समाचार के ऑफिस में पीड़ित द्वारा साक्ष्य के साथ दी गई शिकायत। बाबूपुरवा से नौबस्ता गल्लामंडी जाकर अपने मायके वालों की मिली भगत से अपने ही पति सुधीर प्रकाश साहू को जान से मरवा देने की साजिश रच रही पत्नी लक्ष्मी साहू उर्फ श्यामा साहू व उसके प्रेमी को मोहल्ले वालों ने पकड़कर किया 112 डायल पुलिश प्रसाशन के हवाले. मेरे साथ घटित हुई घटना ये है कि मेरा नाम सुधीर प्रकाश साहू पुत्र ननका प्रसाद साहू निवासी श्व-3/9 दीनदयालपुरम दौधकपुर नौबस्ता गल्लामंडी कानपुर नगर का स्थायी निवासी हूँ। पिछले कुछ 10-12 दिनों से मेरी पत्नी आपने मायके वालों की मिली भगगत से लक्ष्मी साहू उर्फ श्यामा साहू पुत्री स्व. मोती लाल साहू निवासिनी-34 बी बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर नगर अपने प्रेमी(आशिक) और कुछ अज्ञात बदमाशों को लेकर मेरी व मेरे मकान की रेकी करा रही है तथा मेरे मकान के अंदर चढ़ने,उतरने और घर के बाहर वाले गेट के नीचे लगी जाली व खिड़की से वीडियो ग्राफी करवा कर मेरे घर मे डकैती डलवाने व मुझे जान से मरवा देने की योजना बना रही थी। तथा इससे पहले भी कई बार लक्ष्मी साहू ने अपने बदमाश साथियों के साथ मेरे घर की रैकी कराई थी।



लक्ष्मी साहू का भाई रवि साहू



लक्ष्मी साहू साथ में उसका नीचे बदमाश साथी पकड़ा गया

जिसकी सूचना मैने पुलिस प्रशासन को दी थी। उसमें पुलिस वालों ने पारिवारिक विवाद बताकर गलत सलत रिपोर्ट लगा दी थी और कोई किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की थी। जिस वजह से मजबूरन मुझे अपने घर मे ष्ह्ल1 कमरे लगवाने पड़े। दिनांक-19-02-25और-20-02-25 के बीच मध्य रात्रि में लगभग 12 से 1 बजे मेरी पत्नी लक्ष्मी साहू अपने प्रेमी(आशिक) से मेरे घर मे डकैती डलवाने व मुझे जान से मार देने की साजिश रचने आई थी। मेरे घर मे लगे ष्ह्ल1 कैमरे में उक्त घटना की रिकॉर्डिंग भी हो गई हैं।घटना की सूचना बाबत एक प्रार्थना पत्र दिनांक-21-02-25 को छेत्रीय चौकी प्रभारी कुरियाँ थाना सेनपश्चिम पारा में जाकर दिया लेकिन चौकी प्रभारी ने यह कहकर वापस कर दिया कि आज कोई स्टाफ नही है तुम परेशान मत हो कल तुम्हारी पत्नी को बुलवायेंगे तो मैं घर वापस आ गया।और ठीक उसी दिन 21-02-25 की रात को दोबारा से मेरी पत्नी लक्ष्मी साहू अपने प्रेमी(आशिक) के साथ मेरे घर मे डकैती डालने व मुझे जान से मरवा देने की



अपराधियों के साथ में खड़ा लक्ष्मी साहू का परिवार



साजिश कर ही रहे थी कि मोहल्ले वालों की उन लोगो पर नजर पडी और मोहल्ले वालो ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस प्रशासन बुलाकर उनके हवाले कर दिया। पुलिस वालों के सामने मेरी पत्नी लक्ष्मी साहू व उसके प्रेमी ने प्रेस मीडिया बीपीएस न्यूज अखबार के संपादक व मुझे और मेरे घर वालो को नौबस्ता चौराहा पार न कर देने और कचहरी परिसर में दिख जाने पर जान से मार देने की धमकी दी है। जिस वजह से मैं अत्यंत भयभीत व डरा सहमा हूँ कि कहीं फिर से मेरी पत्नी लक्ष्मी साहू अपने प्रेमी (आशिक) व अपने बदमाश साथियों के साथ मिलकर मुझे या मेरे घर वालो को कभी भी घर में या बीच रास्ते मे आते जाते समय जान से मरवा सकती है।

क्योंकि मेरी पत्नी लक्ष्मी साहू के घर मे 2 नंबर से सुपाड़ी का व्यापार उच्च स्तर से उसका बड़ा भाई राजकिशोर साहू व रवि साहू जिसने सुपाड़ी से भरा पूरा ट्रक का माल चोरी कर लेने पर जेल भेज दिया गया था और अब शराब का ठेका अवैध तरीके से चलाता है और इसका छोटा भाई अभिषेक साहू जो अवैध तरीके से चरस गांजा चोरी से बेचता है। और ये लोग हर थाने चौकी में कमीशन का पैसा भेजते रहते हैं। इस लिए ये लोग पुलिस प्रशासन से भी नही डरते हैं बल्कि ये धमकी देते है कि पुलिस कमिश्नरेट थाना, चौकी तो मेरी जेब मे हमेशा रहता है। इन लोगों के ऊपर कई सारे मुकदमे भी गम्भीर धाराओं में कोर्ट में विचाराधीन चल रहे हैं।अत:आप सभी श्रीमान माननीय उच्च अधिकारियों से विनम्र प्रार्थना है कि जो परिवार आज से 10 साल पहले टाटमिल चौराहे पर पाउच वाला पानी व पान मसाला बेचता था उस परिवार के पास आज कइयों लाख की गाड़ियाँ व कइयों करोड़ की संपत्ति कहाँ से आयी। इन लोगों के ऊपर ष्ट.क्नद्ध. और आयकर विभाग से जांच कराकर उपरोक्त लोंगो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की कृपा करें आपकी महान दया होगी।अब देखने वाली बात यह है की पुलिस प्रशासन ऐसे अपराधियों पर क्या कार्रवाई करती है।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं





सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,
व्हाटसअप 335908846

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

www.bpsnews.in

## संपादकीय

### जिंदगी की मेगा मुहिम

देश में अस्सी प्रतिशत मौतों के लिये जिम्मेदार गैर संक्रामक रोगों के खिलाफ केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इसके अंतर्गत पूरे देश में तीस साल से अधिक उम्र वाले करीब नब्बे करोड़ लोगों की शुगर, बीपी और कैंसर की जांच होगी। गत गुरुवार को शुरू हुई यह देशव्यापी मुहिम 31 मार्च तक चलेगी। हालांकि, फ्रंटलाइन स्वस्थ्य कार्यकर्ता,आशा वर्कर,एएनएम आदि घर-घर इस अभियान के लिये संपर्क करेंगे, लेकिन जिन तक संपर्क न हो पाए वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना डेटा राष्ट्रीय पोर्टल तक पहुंचा सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश में तीस व उससे अधिक उम्र वालों की संख्या करीब 64 फीसदी है। जिन्हें इस अभियान के केंद्र में रखा गया है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर के अनुसार देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों का प्रतिशत कुल रोगों से मरने वालों में अस्सी प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 से 2030 के बीच गैर संक्रामक रोगों से 305 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय की इस मुहिम का मकसद है कि गैर संक्रामक रोगों व मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्थिति का पता लगाया जाए। जिससे समय रहते इन रोगों के नियंत्रण के लिये नीति तैयार की जा सके। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के सिरे चढ़ने के बाद स्वास्थ्य सेवा की लागत कम की जा सकेगी। इस अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और स्क्रीनिंग, उपचार व उसके फॉलोअप के आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपडेट किए जा सकेंगे। दरअसल,भारत में कैंसर व अन्य गैर संक्रामक रोगों का पता समय रहते नहीं चल पाता। जिसके कारण उपचार मिलने के बावजूद इनके नुकसान से बचा नहीं जा सकता है। निश्चित रूप से इस अभियान से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी।दरअसल, हाल के वर्षों में खानपान व जीवन शैली में बदलाव से गैर संक्रामक रोगों की आधारभूमि तैयार हुई है। रोग का समय से पता न चल पाने के कारण जीवनभर इन रोगों का उपचार चलता रहता है। महंगी होती चिकित्सा प्रणाली के चलते तमाम परिवार गरीबी के दलदल में फंसकर रह जाते हैं। विडंबना यह है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर के मामले बढ़े हैं। करीब 44 फीसदी पुरुष व करीब सात फीसदी महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं। वहीं पुरुषों में मोटापा 12 फीसदी से बढ़कर 18 फीसदी हुआ है तो महिलाओं में यह बारह फीसदी से बढ़कर बीस फीसदी हुआ है। जिसका मूल कारण शारीरिक सक्रियता में कमी भी है। जिसमें 13 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि देश में गैर संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों में 45 फीसदी भूमिका हृदय रोगों, स्ट्रोक व उच्च रक्तचाप की है। वहीं बाइस फीसदी मौतें सांस संबंधी बीमारियों के चलते होती हैं।

# तमिलनाडु में हिंदी-विरोध का नया दौर

**हिंदी को लेकर जब भी कोई गतिविधि होती है, यह विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु ने एनईपी-2020 का विरोध किया। उसके अलावा पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों ने भी अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं, पर तमिलनाडु ने इसे लागू नहीं होने दिया, जबकि ज्यादातर राज्यों ने इसे लागू किया। तमिलनाडु 1967 से दो-भाषा फार्मूले (मातृभाषा तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहा है। उस वर्ष सीएन अन्नादुराई के नेतृत्व में द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम सत्ता में आई थी। उसके बाद से राज्य में द्रमुक और अन्ना द्रमुक पार्टी की सरकारें ही सत्ता में आई हैं। द्रविड़ दलों ने लंबे समय से मांग की है कि 'शिक्षा' को समवर्ती सूची से हटाकर राज्य सूची में वापस लाया जाए।यह मसला भारतीय संघवाद की विसंगतियों को भी रेखांकित करता है।**




तमिलनाडु में भाषा केवल शिक्षा या संस्कृति का विषय नहीं है। द्रविड़-राजनीति ने इसके सहारे ही सफलता हासिल की है। द्रविड़ आंदोलन, जिसने डीएमके और एआईएडीएमके दोनों को जन्म दिया, भाषाई आत्मनिर्णय के सिद्धांत पर आधारित था।हिंदी की पढ़ाई को लेकर तमिलनाडु में एक बार फिर से तलवारें खिंचती दिखाई पड़ रही हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को एक विशाल विरोध-प्रदर्शन में चेतावनी दी कि हिंदी थोपने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ एक और विद्रोह जन्म ले सकता है। उनके पहले मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यों पर शिक्षा-निधि के मार्फत दबाव बनाने का आरोप लगाया था। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में द्रमुक ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) और तीन-भाषा फॉर्मूले की आलोचना करके माहौल को गर्मा दिया है।तमिलनाडु में भाषा केवल शिक्षा या संस्कृति का विषय नहीं है। द्रविड़-राजनीति ने इसके सहारे ही सफलता हासिल की है। द्रविड़ आंदोलन, जिसने डीएमके और एआईएडीएमके दोनों को जन्म दिया, भाषाई आत्मनिर्णय के सिद्धांत पर आधारित था। राष्ट्रीय आंदोलन के कारण इस राज्य में भी कांग्रेस, मुख्यधारा की पार्टी थी, पर भाषा पर केंद्रित द्रविड़ आंदोलन ने राज्य से कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया और आज तमिलनाडु में कांग्रेस द्रमुक के सहारे है। इस राज्य में भाषा-विवाद लगातार उठते रहते हैं। पिछले साल संसदीय शीत-सत्र में 5 दिसंबर को विरोधी दलों के सदस्यों ने 'भारतीय न्याय संहिता' के हिंदी और संस्कृत नामों के विरोध में सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर 'हिंदी इंपोज़ीशन' का आरोप लगाया। एक दशक पहले तक ऐसे आरोप आमतौर पर द्रमुक-अद्रमुक और दक्षिण भारतीय सदस्य लगाते थे। अब ऐसे आरोप लगाने वालों में कांग्रेस पार्टी भी शामिल है।अप्रैल, 2022 में गृहमंत्री अमित शाह ने संसदीय राजभाषा समिति की 37वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिंदी को पूरे देश में स्थानीय भाषाओं के बजाय अंग्रेजी के विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है कि सरकार का कामकाज हिंदी में हो। उनके इस बयान के पीछे 'हिंदी-विरोधियों' को साम्राज्यवाद की गंध आई। शाह ने कहा कि हिंदी को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने के प्रयास होने चाहिए। जब विभिन्न राज्यों के नागरिक संवाद करते हैं, तो 'यह भारत की भाषा में होना चाहिए।'उनके इस वक्तव्य के अलावा, नई शिक्षा-नीति के अंतर्गत देशभर के स्कूलों में कक्षा 10 तक परोक्ष रूप में हिंदी को अनिवार्य बनाने की केंद्र सरकार की योजना पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। 10 अप्रैल को, तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम ने केंद्र सरकार को हिंदी थोपने के किसी भी नए प्रयास के खिलाफ चेतावनी दी और लोगों से इसका विरोध करने का आह्वान किया। पार्टी के मुखपत्र मुरासोली में लिखा गया, यह कदम देश की अखंडता को नष्ट कर देगा। भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण में प्रवेश तो मिल गया है, पर तमिलनाडु में वह अभी हाशिए पर है। पिछले कुछ समय से वह अपने राज्य प्रमुख अन्नामलाई के जरिये राज्य के एक तबके को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। क्या इस राज्य में हिंदी-समर्थक पार्टी के सफल होने की कोई गुंजाइश है? राज्य में हिंदी की पढ़ाई को उत्सुक लोग भी हैं, जिन्हें लगता है कि रोज़गार के लिए हिंदी का ज्ञान भी ज़रूरी है। भाजपा कार्यकर्ता अब मार्च से मई तक एक सर्वेक्षण करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें वे तीन-भाषा नीति पर तमिलनाडु भर के परिवारों से बातचीत करेंगे और अपने निष्कर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपेंगे।राज्य सरकार हिंदी के पठन-पाठन के दरवाज़े बंद रखना चाहती है। उसे लगता है कि एक बार दरवाज़े खुले तो राजनीति का रंग-रूप बदल जाएगा। बहरहाल तमिल-बगावत के स्वर एनईपी के तहत तीन-भाषा सूत्र से जुड़ी शर्तों और समग्र-शिक्षा कार्यक्रम लिए केंद्रीय धन जारी करने से जुड़े मतभेदों के कारण सुनाई पड़े हैं। एनईपी के विरोधियों का तर्क है कि यह नीति परोक्ष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं की तुलना में हिंदी और संस्कृत को बढ़ावा देती है। केंद्र सरकार ने राज्य को 2,152 करोड़ रुपयों का आवंटन इस आधार पर रोक रखा है, क्योंकि उसने 'पीएम श्री स्कूलों' और एनईपी को स्वीकार नहीं किया है।डीएमके और उसके सहयोगी दलों के चेन्नई में आयोजित विरोध प्रदर्शन में उदयनिधि ने कहा, हम न तो भीख मांग रहे हैं और न आपकी निजी संपत्ति। यह हमारा वैध अधिकार है। संविधान का कोई भी अनुच्छेद तीन-भाषा की बात नहीं करता है। तमिलनाडु इस फॉर्मूले को कभी स्वीकार नहीं करेगा। राज्य में हिंदी के प्रवेश से तमिल का विलोपन हो जाएगा जैसा राजस्थानी, भोजपुरी और उत्तर भारत की अन्य भाषाओं के साथ हुआ है।

हाल में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि नई शिक्षा-नीति के अनुपालन का फंड जारी करने में तीन-भाषा सूत्र लागू करने की शर्त होगी। जब तक तमिलनाडु एनईपी को पूरी तरह से लागू नहीं करेगा, तब तक समग्र शिक्षा निधि जारी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, नई शिक्षा-नीति में हिंदी की अनिवार्यता नहीं है। तमिलनाडु के छात्र चाहें, तो तमिल और अंग्रेजी के अलावा कोई भी तीसरी भारतीय-भाषा पढ़ सकते हैं। नई शिक्षा नीति, हिंदी नहीं थोप रही है, बल्कि छात्रों को एक अतिरिक्त भाषा सीखने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने सवाल किया है कि अन्य राज्यों के विपरीत तमिलनाडु तीन-भाषा फॉर्मूले का विरोध क्यों कर रहा है? तमिलनाडु में हिंदी-विरोध का इतिहास करीब एक सदी बहुत पुराना है, जो 1930 के दशक से शुरू हुआ था। तब यह मद्रास प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। वर्ष 1937 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने राज्य में हिंदी की अनिवार्य पढ़ाई का फैसला किया था, जिसके बाद राज्य में पहला हिंदी-विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। इस आंदोलन ने द्रविड़-राजनीति की नींव डाली।हिंदी विरोधी प्रदर्शन आज़ादी के बाद भी जारी रहे, जिसमें 1965 में छात्रों का आंदोलन भी शामिल है।वर्ष 1959 में जवाहरलाल नेहरू के आश्वासन और उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री सरकार द्वारा राजभाषा अधिनियम, 1963 पारित करने के बाद राज्य में स्थिति सामान्य हुई। यह विरोध पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

# बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है! कोई स्वास्थ्यता से डैमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व कासबसे स्वस्थ व्यक्ति !कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका सतर्कता से ध्यान रखना है, अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखना है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नीव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों के स्वास्थय, जीवन शैली, स्वस्थ्य विकास,गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही गंभीरता व सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वस्थ्य विकास के फल उनके जीवन पर्यंत मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत स्वस्थ व फलदार वृक्ष रूपी गुणवान बनाएं।



साथियों बात अगर हमह्न हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो ,परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की आय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीहोता था , उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को शिशु आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो,पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है। परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5.2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमज़ोर आबादी में केंद्रित थीं, विशेष रूप से उप सहारा अफ़्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में !इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें,बल्कि फलते- फूलते रहें। सतत विकास लक्ष्यों में छोटे बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं,जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुरक्षात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है।

बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके,डब्लू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है।उसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे स्वास्थ्य में मना सकें।स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीड़ित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक ??समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएँ और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं निमोनिया, दस्त,मलेरिया खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैं- स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार।प्रसार वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है। साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरुआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं।बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छेस्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष स्तनपान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान भी छोटे बच्चों के लिए तलाशने और सीखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।जब देखभाल करने वालों को उनके देखभाल के तरीकों, परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन मिलता है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# अपर पुलिस आयुक्त/पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने थाना शिवराजपुर मे समाधान दिवस के मौके पर आये फरियादियों की सुनी समस्याएं

कानपुर। अपर पुलिस आयुक्त/पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना शिवराजपुर मे समाधान दिवस के मौके पर आये हुए फरियादियों की समस्याओ को सुना गया एवं उनके तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।थाना समाधान दिवस के मौके पर अपर पुलिस आयुक्त/पुलिस उपायुक्त पश्चिम, राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना शिवराजपुर मे उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रो की तत्काल जाँच करा कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराये जाने एवं आगंतुकों/पीड़ितों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके बैठने की उचित व्यवस्था करने के साथ ही सभी की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी शिवराजपुर को निर्देशित किया गया, इसके अतिरिक्त थाने में बीट पुलिस ऑफीसर(ब्ध्क्व्) को अपने बीट क्षेत्र में सक्रिय होकर समस्याओ की जाँच कर एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही को नियत समय में निस्तारण करने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस मौके जिलाधिकारी कानपुर नगर, उप जिलाधिकारी बिल्हौर, सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर, राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# चिराग सबके बुझेंगे साहेब, हवा किसी की सगी नही होती!

आपको कुछ नाम राजनीति में याद दिलाता हूं जो अपनी महत्वाकांक्षा और लालच के लिए हिंदूवादी संघर्ष के पीठ में छुरा घोंपा। पहला और बड़ा नाम है सत्यपाल मालिक का जिन्हे कभी जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल बनाया गया था, जम्मू और कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्य का राज्यपाल यदि भाजपा बना रही तो निश्चित आपका कद बड़ा होगा वैसे भी जम्मू कश्मीर का राज्यपाल कोई यूँ ही नहीं बन जाता ! राजनैतिक रूप से इस राज्य का राज्यपाल बनने के लिए सैकड़ो गुण चाहिए और सबसे बड़ा गुण होता है राष्ट्र और हिंदू के प्रति वफादारी ! सत्यपाल मालिक का कार्यकाल औरों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण इस लिए भी हो जाता है क्योंकि उनके कार्यकाल के दौरान ही धारा 370 हटाई गई थी ! फिर सत्यपाल मालिक ने उपराष्ट्रपति पद को लेकर लॉबिंग शुरू की और जा बैठे सेक्युलर लॉबी के गोद में ।

जब बात नही बनी तब मीडिया मे आकर निम्नतम स्तर की बयानबाजी शुरू कर दिया इन्होंने भाजपा के खिलाफ। यहां तक कि पुलवामा हमले को मोदी की साजिश बता दिया अब ऐसे चिराग को कहा तक हवा से बचाया जाता। अब हश्र सबके सामने है। पुलवामा पर भाजपा की साजिश कह विपक्ष के साथ सुर मिलाने वाले भी जानते थे कि पाकिस्तान ऐसा बेतुका बयान हाथो



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

हाथ उठा लेगा और अंतराष्ट्रीय मंच पर उसका दुरूपयोग करेगा फिर भी पद के मोह में अंधे सत्यपाल मालिक नही रुके और उन्होंने हर वो बयान दिया जो पाकिस्तान के काम आया ! उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर ओछी व्यक्तिगत टिप्पणी की , यहाँ तक कहा कि कई उद्योगपति उनके पास मोदी का नाम लेकर फायदा लेने आते थे ! किसान आंदोलन के दौरान जितना भी जहर उनसे उगला जा सका उन्होंने उगला ! सोचो संघ और भाजपा ने उन पर किस स्तर तक विश्वास किया होगा जो कि इतने संवेदनशील समय में उन्हे राज्यपाल बनाया ! उधर जाति से यादव, 1982 में एबीवीपी से जुड़े मोहन लाल यादव आज एमपी के सीएम है, 1990 में एबीवीपी से जुड़े भजन लाल शर्मा आज राजस्थान के सीएम है और अब दिल्ली एबीवीपी से जुड़ी रही रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनने जा रही तो जो लोग संघ के वर्चस्व को सत्ता से नकार रहे उनके लिए मेरा यह आंकड़ा आंख खोलने वाला होगा। प्रवेश वर्मा, बांसुरी स्वराज , विजेंद्र गुप्ता, कपिल मिश्रा ऐसे तमाम नाम पर बाजी मारी रेखा गुप्ता ने। यह संघ का वर्चस्व और एबीवीपी के प्रति अपार श्रद्धा और जातीय समीकरण साधने का परिणाम है। दूसरा उदाहरण हनुमान बेनीवाल का , वह भी भाजपा के समर्थन से ताकतवर बने राजस्थान में बाद में किसान आंदोलन के समय उनका भी नफरती चेहरा सामने आ गया । वह भी मात्र एक जातिवादी नेता बनकर अब बिलबिला रहे ।ऐसे कुछ अन्य उदाहरण भी है जहाँ देश की एकता और अखंडता को दांव पर लगाकर केवल जातीय वर्चस्व को कायम रखने की जिद्द ने नेताओं की समाज में ऐसी छवि बनाई जिस से वे न घर के रहे ना घाट के। उनकी मक्कारी से न आम आदमी उबर पाया है और ना भाजपा। ये बात केवल सत्यपाल मालिक और हनुमान बेनीवाल की ही नही है। सत्यपाल मालिक से लेकर, चौधरी, टिकैत परिवार, पहलवान आंदोलन में हरियाणा के जाट नेताओं का रवैया, अखिलेश सरकार में गुंडागर्दी, बिहार में लालू की और पश्चिम बंगाल में ममता का हिंदुत्व पर लगातार अत्याचार इत्यादि अब जनता को चुभ रहे। मेरा व्यक्तिगत मत है कि भाजपा भविष्य में किसी नमक हराम नेता को कोई संवेदनशील जिम्मेदारी नही देने वाली है ! बाहर वालो को लगता है कि अंदर से इन जातिवादी नेताओं की सेटिंग है पर इनके लिए देश बाद में है और जाति पहले है ! मैं उस समय भी लिखता था और कहता था कि राहुल, तेजश्वी और अखिलेश से समाज की छवि खराब ही नहीं बल्कि धूमिल हो रही हैं।

ये तीनो जातिवाद के ब्रांड एम्बेसडर बन रहे है जो कि भविष्य में हानिकारक होगा! लोगो ने जैसे दलित राजनीति को जमीन सुंघाई ठीक उसी तरह यादव राजनीति का नम्बर आया ! आज हालत यह है कि ग्राम प्रधान तक के चुनाव लठ और पैसे के दम पर जीतने पड़ रहे है नही तो हमने वो दिन भी देखे हैं जब बिना एक रुपया खर्च किये भी गांव गिराव के बुजुर्ग ग्राम प्रधान बनते थे और सम्मान भी पाते थे ! यह भाजपा है यहां आम आदमी भी कार्यकर्ता बन कर सीएम और पीएम बन सकता है और नीतियां बिलकुल स्पष्ट की आप के दिल में अगर हिंदुत्व है और आप राम के है तो आप जनता के हितैषी है और फिर आपको भाजपा सिर आंखों पर बिठा लेगी वरना तो सत्यपाल मालिक से लेकर ममता बनर्जी जैसों से इतिहास पटा पड़ा है जिन्होंने निजी लाभ के लिए भारत के सीने में खंजर तक भौंकना स्वीकार कर


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**
**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**
मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

# आईआईटी ने गृह मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने अपने कंप्यूटर केंद्र में जनगणना डेटा अनुसंधान कार्य केंद्र की स्थापना के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस पहल ने शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए महत्वपूर्ण जनगणना डेटा तक पहुंच की सुविधा प्रदान करके अनुसंधान क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया।

आईआईटी के निदेशक प्रो. मनिंद्र अग्रवाल और भारत सरकार की जनगणना संचालन और नागरिक पंजीकरण की निदेशक शीतल वर्मा आईएएस के बीच डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमेशन के डीन प्रोफेसर निशांत नायर, अनुसंधान और विकास के डीन प्रोफेसर तरुण गुप्ता गणित एवं सांख्यिकी विभाग की प्रो. शुभ्रा शंकर धर, जनगणना संचालन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के संयुक्त निदेशक एस.एस. शर्मा, जनगणना संचालन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के उप निदेशक डॉ. रितुल कमल और ओआरजीआई, नई दिल्ली के उप निदेशक संदीप राय। इस पहल के साथ, आईआईटी कानपुर उत्तर प्रदेश का पहला प्रौद्योगिकी संस्थान और राज्य में केंद्रीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों में जनगणना डेटा अनुसंधान कार्य केंद्र स्थापित करने वाला तीसरा संस्थान बन गया। यह उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की पांचवीं सुविधा थी, जो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विवि, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय की श्रेणी में शामिल हो गई, जहां इसी तरह के कार्य केंद्र संचालित हैं। आईआईटी में जनगणना डेटा अनुसंधान कार्य केंद्र ने शोधकर्ताओं को डिजिटल प्रारूप में 1991 से 2011 तक प्रकाशित जनगणना तालिकाओं और सूक्ष्म-स्तरीय डेटा तक पहुंच प्रदान की। इसने भारत की जनसंख्या के विभिन्न सामाजिक-आर्थिक और जनसांख्यिकीय पहलुओं पर गहन विश्लेषण और अध्ययन की अनुमति दी।

कार्य केंद्र को डेटा-संचालित नीतियों के निर्माण का समर्थन करने और विकास कार्यक्रमों के विस्तृत मूल्यांकन को सक्षम करके अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए, आईआईटी के निदेशक प्रो. मनिंद्र अग्रवाल ने कहा, इस महत्वपूर्ण पहल के लिए गृह मंत्रालय के साथ साझेदारी करके हमें सम्मानित महसूस हो रहा है। यह सहयोग आईआईटी के डेटा-संचालित अनुसंधान और नवाचार के प्रति समर्पण का प्रमाण है। जनगणना डेटा अनुसंधान कार्य केंद्र शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए एक अमूल्य संसाधन के रूप में काम करेगा, जो उन्हें सार्थक शोध और नीति विकास के लिए व्यापक डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा। इसके अलावा, भारत सरकार की जनगणना संचालन और नागरिक पंजीकरण की निदेशक शीतल वर्मा आईएएस ने कहा, ज.. जनगणना डेटा अनुसंधान कार्य केंद्र ने अपने गतिशील अनुसंधान वातावरण को बढ़ाकर आईआईटी कानपुर की प्रतिबद्धता को मजबूत किया और भारत में डेटा-संचालित नीति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बल के अहंकार का हनन जरूरी है



बीपीएस न्यूज

कानपुर। शास्त्री नगर स्थित श्री रामलला गोपाल आश्रम सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही 23वीं श्री मद्भागवत कथा के छठवे दिन रुक्मणी विवाह, भौमासुर का वध, सत्यभामा का विवाह, सत्राजीत का वध कथा का वर्णन कथा व्यास उमेश शुक्ला द्वारा किया गया।कथा के छठवे दिवस कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय कपूर पहुंचे और भगवान के श्रीचरणो में अपनी हाजरी लगाते हुए पूजा अर्चना की। कथा व्यास जी उमेश शुक्ला ने कथा के प्रसंग में बताया कि भगवान श्री कृष्ण को चोरी का कलंक लगाओ।

भगवान अपने कलंक का मार्जन किया उन्होंने कहा कि सत्य शक्ति है सत्य को कलम से ढाका नहीं जा सकता। कथा के प्रसंग में उन्होंने बताया की दोषों का निरूपण नहीं हो सकता। कथा में जामवंती प्रसंग में बताया की जामवंत को अपने बल्ब का बड़ा गर्व था। भगवान श्री हरि ने जामवंत के बाल का हनन कर उन्हें मुक्ति प्रदान की। भगवान श्री कृष्णा कहा जब तक गर्व का हनन नहीं होता तब तक उधर होना संभव नहीं है।

# मारपीट को रोकने पहुंचे दरोगा की वर्दी फाड़ी, आरोपी गिरफ्तार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। घटना कस्बा सरसौल के भेवली मोड़ के पास हुई। जहां स्थिति को कंट्रोल करने पहुंची पुलिस टीम के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सरसौल चौकी के प्रशिक्षु दरोगा ने जब दोनों पक्षों को शांत करने का प्रयास किया, तो मारपीट कर रहे युवकों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस पूरी घटना का वीडियो किसी मौजूद व्यक्ति ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। दो आरोपियों के खिलाफ सरकारी कर्मी की ड्यूटी में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, विवाद के दोनों पक्षों में से किसी ने भी अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। सरसौल चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना की गहन जांच कर रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# दो दिवसीय वेण्डर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं एमएसएमई एक्सपो का शुभारंभ

बीपीएस न्यूज



कानपुर। एमएसएमई-विकास कार्यालय, कानपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय वेण्डर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं एमएसएमई एक्सपो-2025 का एमएसएमई-विकास कार्यालय, कानपुर के प्रांगण में शुभारम्भ किया गया। एक्सपो में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/विभागों/ बैंकों/ एमएसएमई इकाइयों ने 85 से अधिक स्टाल लगाकर अपने उत्पादों/सेवाओं का प्रदर्शन किया।संयुक्त निदेशक, एम.एस.एम.ई. विकास कार्यालय कानपुर विष्णु कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में पधारे वर्क्स मैनेजर ओईएफसी पुनीत शुक्ला, उपमहाप्रबन्धक एच.ए.एल. सुरेश चन्द्र मीणा, वैज्ञानिक सीएसआईआर-सीमैप लखनऊ डॉ0 आर. के. श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक पावरग्रिड कार्पोरेशन इण्डिया लि0 जगविजय सिंह, उपमहाप्रबंधक ओएफसी एस.के. श्रीवास्तव, उपमुख्य प्रबन्धक मार्डन कोच फैक्ट्री, रायबरेली संजय निगम, सहायक निदेशक, एफएफडीसी, कानपुर भक्ति विजय शुक्ला, तथा समस्त गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम में पधारने के लिए हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा संस्थान की कार्य-विधि का विवरण एवं इस कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने यह अवगत कराया कि इस कार्यक्रम से एम.एस.एम.ई. इकाइयों तथा सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के पारस्परिक सहयोग से एकदूसरे की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है। वृहद उद्योग स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों से प्रतियोगी दर पर उनके उत्पादों को क्रय कर सकेंगे। श्री वर्मा ने भारत सरकार द्वारा लागू पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पॉलिसी के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि आने वाले समय में सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों अपनी कुल खरीद का 25: सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों (4: अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग एवं 3: महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित इकाइयों) से खरीदना आवश्यक होगा। इस एमएसएमई एक्सपो में एचएएल, कानपुर, मार्डन रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली, एन. सी.आर., एलम्को, कानपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक के स्टालों के अतिरिक्त 80 सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। उपरोक्त प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कल 19 फरवरी, 2025 को क्रेता-विक्रेता सम्मेलन व तकनीकी सत्रों के अलावा शिक्षित बेरोजगारों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। वर्क्स मैनेजर, ओईएफसी, कानपुर पुनीत शुक्ला ने अपने उद्बोधन में उन्होंने कहाकि ओईएफसी द्वारा एमएसएमई से क्रय किये जाने वाले वस्तुओं का 40 प्रतिशत है जो सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक है। उप मुख्य महाप्रबन्धक, हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, कानपुर सुरेश चन्द्र मीणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि भारत सरकार एमएसएमई को डेवलप करने का काम कर रही है। कानपुर में 1960 से कार्यरत है जिसमें 24 प्रभाग है और बताया कि प्रधानमंत्री के विजन आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत तुमकुर, कर्नाटक में हेलीकाप्टर बनाने की एशिया की बड़ी कम्पनी बन रही है।

# आरटीए की बैठक 25 फरवरी को हुई सुनिश्चित

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण कानपुर की बैठक 25 फरवरी, 2025 को 11:00 बजे उनके शिविर कार्यालय छः बंगलिया आर्य नगर कानपुर में निर्धारित की गई है। बैठक में मुख्य रूप से कानपुर महानगर में संचालित छोटी बसो के स्थान पर 28 से 30 सीटस तक की वाहनो को चलने पर विचार किया जाएगा। कैरेज बाई रोड एक्ट 2007 के अर्न्तगत पंजीकरण नवीनीकरण के लिए प्रार्थना पत्रो पर विचार समेत तमाम बिन्दुओ पर निणर्य लिया जाना है। इसके साथ ही स्टेज कैरिज परमिट स्वीकृत पर निर्णय ले जाने के संबंध में विचार किया जाना है। आपको बता दें कि बीते 18 फरवरी, 2025 को आरटीए की बैठक होना सुनिश्चित हुई थी, लेकिन किसी कारणवश बैठक को स्थगित कर दिया गया था। संभागीय परिवहन अधिकारी कानपुर मंडल राकेंद्र कुमार सिंह ने बताया की आरटीए की बैठक जो की निरस्त की गई थी वह 25 फरवरी, 2025 को होना सुनिश्चित की गई है इसमें 28 दिव्यांगजनों को कानपुर से उन्नाव के मध्य सीएनजी, टेंपो टैक्सी परमिट दिए जाने के संबंध में विचार किया जाएगा साथ ही सार्वजनिक सेवाएं द्वारा यात्रा के टिकट की बिक्री हेतु अभिकर्ता अनुकृति के लिए प्राप्त आवेदन पत्र पर भी विचार होगा।

# दो करोड़ से बनी झील की दुर्दशा पर डीएम ने जताई नाराजगी, 20 दिन में सुधार के निर्देश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को सेमसी झील का निरीक्षण किया गया द्यनिरीक्षण के दौरान पाया गया कि 2 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित उक्त झील का 2023 में जीर्णोद्धार कराया गया था लेकिन आज पूरी झील जलकुम्भी से ढकी हुई है, पानी का स्तर बहुत कम है, झील की बाउंड्री क्षतिग्रस्त हो गई है, बैठने के पत्थर टूट गए हैं। उन्होंने यह भी पाया कि झील के जीर्णोद्धार के बाद किसकी नियमित सुरक्षा नहीं की गई है, गांव का गंदा पानी झील में जाता हुआ पाया गया और बिजली के खंभे गिरे हुए मिले।

इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित एएमए पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि उक्त झील की दुर्गति के जिम्मेदार लोगों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गईद्य इस पर एएमए ने कहा कि संबंधित को नोटिस भेजा गया है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नोटिस-नोटिस का खेल खेलना ठीक नहीं है जमीनी स्तर पर काम भी होना चाहिएद्ध उन्होंने कर में लापरवाही वाशी तिलता के जिम्मेदार पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित को निर्देश दिए और उन्होंने यह भी कहा कि अगले 20 दिनों में मेरे द्वारा पुनः इस झील का निरीक्षण किया जाएगा तब सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिले। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सैमसी झील के बगल में 80 लाख की लागत से बने सरोवर का निरीक्षण भी किया गया इस दौरान उन्होंने इसमें निर्मित घाटों की स्थिति को परखा द्यउन्होंने पाया कि घाटों की स्थिति बदहाल है साथ ही सरोवर किनारे की सारी मिट्टी बह गई है।

इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया ल द्य साथ ही, संबंधित अभियंता को आज शाम को अपने ऑफिस में रिपोर्ट के साथ तलब किया।

## जिलाधिकारी ने गायों को दिए जाने वाले व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कानपुर। शासन की योजनाओं को धरातल पर लागू कराने के क्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा निरीक्षण का सिलसिला जारी रखा गया द्य इसी क्रम में जिलाधिकारी ने वृहद गोवंश आश्रय स्थल, सरसौल का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिएद्य परीक्षण के दौरान उन्होंने गायों को दिए जाने वाली चारा, उनके रहने की व्यवस्था व इलाज इत्यादि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

गोआश्रय स्थलों में लाकर उन्हें नियमित तौर पर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराया जाए जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित जिला पंचायती राज अधिकारी को समस्या के निराकरण के निर्देशद्य जिलाधिकारी द्वारा किए गए उक्त समस्त निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# यूपी पुलिस ने जीता प्रदेशीय सीनियर महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप



बीपीएस न्यूज

कानपुर।ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर नगर में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशन में आयोजित टूर्नामेंट में यूपी पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिद्धार्थनगर को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने में विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा खेलें, आगे बढ़ें और प्रदेश का नाम रोशन करें।इस मौके पर आरएसओ विजय कुमार, यूपी वॉलीबॉल संघ के सचिव सुनील तिवारी, कोच एवं संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डेढ़ साल के बेटे को मार मां ने फंदे से लटक कर दी जान, पति और ससुर से हिरासत में पूछताछ

बीपीएस न्यूज

कानपुर।उर्सला परिसर में घरेलू कलह के चलते निजी पैथोलॉजी कर्मी की पत्नी ने डेढ़ साल के बेटे की हत्या करने के बाद फंदे से लटक कर जान दे दी। देर शाम पैथोलॉजी कर्मी की दादी घर पहुंची तो मासूम का शव बेड पर व मां का शव पंखे के कुंडे में रस्सी के सहारे लटकता मिला। उर्सला के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर की सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया। इधर बेटी की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंचे मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने मामले में पति और ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चकेरी के हरजेंदरनगर निवासी श्याम वाल्मीकी नगर निगम में सुपरवाइजर हैं। श्याम ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी स्नेहा (23) की शादी 24 नवंबर 2023 को उर्सला सर्वेंट क्वाटर निवासी सुमित से की थी। जिनका एक डेढ़ साल का बेटा सम्राट है। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। जिसकी शिकायत स्नेहा अक्सर कॉल कर मायके वालों से करती थी। यहां तक की मायके वालों के आने पर रोक लगा दी थी। शनिवार की रात भी उसने पति की प्रताड़ना से तंग आकर अपने पिता को कॉल कर मायके बुलाने की बात कही थी। इस पर पिता ने परिवार में सुतक होने की बात कहकर टाल दिया था। सोमवार रात करीब 8.30 बजे कोतवाली पुलिस ने कॉल कर नाती की हत्या के बाद बेटी के सुसाइड करने जानकारी दी गई।

# समाजसेवी की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर पुष्प किए अर्पित



कानपुर। जमुना देवी जनकल्याण समिति के द्वारा पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई कैंप कार्यालय नरपत नगर में वरिष्ठ समाजसेवी स्व. कालिका प्रसाद सोनी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील सोनी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया दो मिनट का मौन रखा उन्हें याद किया गया।

सोनी जी ने बताया कि मानवसेवा सबसे बड़ी सेवा है। इसलिए प्रत्येक आदमी को मानव सेवा के प्रति तत्पर रहना चाहिए और निस्वार्थभाव से जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए। न्होंने कहा कि मुसीबत के समय किसी को सहायता प्रदान करके उसके दुख का निवारण करने से खुद को जो सुख की अनुभूति होती है उस खुशी का कोई ठिकाना नहीं होता। मानव की सेवा ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील सोनी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. आरके सिंह, राष्ट्रीय महासचिव उमेश कुमार, गिरीश चंद कमल (सदस्य), डॉ एक निषाद,जितेन तिवारी, राजेश शर्मा, आदि लोगों उपस्थित रहे।

# पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक ने सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर।प्रयागराज महाकुंभ 2025 के मद्देनजर यातायात प्रबंधन की तैयारियों को लेकर पुलिस उपायुक्त यातायात, रवींद्र कुमार ने कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन, चार्लीस और नरौना चौराहा का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था, पार्किंग, और भीड़ नियंत्रण की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। पुलिस उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। साथ ही, यातायात और सुरक्षा से जुड़े सभी उपायों को सही तरीके से लागू करने का आदेश भी दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।



# पुलिस आयुक्त ने शिकायतों का शीघ्र समाधान कराने के दिए निर्देश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने थाना कल्याणपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, और परिसर की सफाई का निरीक्षण किया। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह, थाना प्रभारी कल्याणपुर मौजूद रहे। आगंतुकों और पीड़ितों के साथ सम्मानजनक व्यवहार, उचित बैठने की व्यवस्था और शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी और पुलिस टीम की उपस्थिति में यह निरीक्षण संपन्न हुआ।

# बारादेवी से नौबस्ता तक स्टेशनों के प्रवेश द्वार तैयार

कानपुर। मेट्रो के कॉरिडोर-1 के 5 किलोमीटर लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में सभी स्टेशनों के प्रवेश द्वार बनकर तैयार हो गये हैं। सेक्शन में बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता स्टेशन अपना अंतिम स्वरूप ले रहे हैं। बारादेवी से नौबस्ता तक सभी स्टेशन बॉक्स तैयार हो जाने के बाद अब सड़क से स्टेशन तक पहुंचने के लिए द्वार, सीढ़ियां और रास्ते भी तैयार कर लिये गये हैं। सभी स्टेशनों में तकनीकी कक्षों का निर्माण भी पूरा हो गया है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार स्टेशनों के फ़्लोरिंग, फिनिशिंग और सिस्टम इंस्टॉलेशन का काम भी तेजी से पूरा हो रहा है।

## कुलपति ने किया केवीके का निरीक्षण

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह एवं निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने संयुक्त रूप से कृषि विज्ञान केंद्र औरैया का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुलपति डॉ.सिंह ने केंद्र पर निर्माणाधीन भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉक्टर राम पलट, डॉक्टर आईपी सिंह,अंकुर एवं विवेक आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

# एमएलडी सीईटीपी की प्रगति पर जिलाधिकारी ने बैठक कर दिए निर्देश




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 20 एमएलडी सीईटीपी की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को 20 एमएलडी सीईटीपी द्वारा 340 टेनरी इकाईयों में निर्धारित समयावधि के भीतर संयोजन न किए जाने के कारण वीए टेक और बाग को पंपिंग स्टेशन वार डीएम ने तय की गई अग्रिम तिथि तक संयोजन कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। कन्वेंस चैनल 1 में, पंपिंग स्टेशन 15 मई, पंपिंग स्टेशन 2 31अगस्त, पंपिंग स्टेशन 3 में 15 मई तथा पंपिंग स्टेशन 4 में 15 मार्च तक उक्त निर्धारित समयावधि के मध्य टेनरी इकाईयों में कन्वेंस चैनल स्थापित किए जाने, टेनरी के चैंबर का निर्माण कार्य, तथा अन्य इकाइयों जेएलडी, सीसीआरयू का कार्य पूर्ण करने के निर्देश गए। साथ ही समस्त निर्मणा कार्य 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए ।कार्यदाई संस्था मेसर्स वी ए टेक वा बाग द्वारा कार्य समय से कार्य पूर्ण न किए जाने में संबंध में कार्य में बाधा आने की बात कही गई ।

यह विदित है कि कार्यदाई संस्था द्वारा परियोजना प्रारम्भ करने के पहले कार्य स्थल का स्थलीय निरीक्षण एवं परिवेक्षण कर परीयोजना बनाई गई थी और कार्य के अनुसार ही अनुबंध पर भी स्वंय हस्ताक्षर किये गये। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदाई संस्था मेसर्स वी ए टेक वा बाग द्वारा निर्धारित समयावधि में 20 एमएलडी, सीईटीपी का कार्य पूर्ण किए जाने के दृष्टिगत गत एन एम सी जी को संस्था के भुगतान से नियमानुसार अनुबंध के प्रावधानों से अनुबंध को दण्डात्मक प्रावधानों को आकृष्ट करने के निर्देश दिये गये।

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि नगर निगम द्वारा संचालित सिंचाई चैनल कई जगह से टूटे है जिसके संबंध में पूर्ण में कई बार नगर निगम के पर्यावरण अभियंता तथा संबंधित अपर नगर आयुक्त नगर निगम को सूचित किया गया जिसके संबंध में उनके द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा नगर आयुक्त से यह अपेक्षा की गई की इरीगेशन चैनल टूटने की सूचना कई बार किए जाने के बाद भी संबंधित अधिकारी द्वारा कार्य न किए जाने के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने हेतु पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अमित मिश्रा, सचिव 20 एमएलडी सीईटीपी, देवानंद प्रोजेक्ट मैनेजर वा बाग लिमिटेड चेन्नई, श्री नजीर हुसैन परामर्शी 20 एमएलडी, सीईटीपी, टीडब्लूआईसी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही पर नगर निगम ने लगाया कार्यकारी संस्था पर जुर्माना

**-लाइव लोकेशन से गाड़ियां भी नदारद, सुधार न होने पर संस्था होगी ब्लैक लिस्टेड**

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने में लगी कंपनियां लापरवाही कर रही हैं। गाड़ियां घरों से कूड़ा उठाने नहीं पहुंच रही हैं, इससे घरों का कूड़ा सड़कों पर आ जा रहा है और जलाया भी जा रहा है। जोन-4 में स्थानीय लोगों द्वारा आईजीआरएस पर शिकायत के बाद नगर निगम की ओर से की गई मॉनिटरिंग में लापरवाही पकड़ी गई है।

जांच में डोर टू डोर लगी कई गाड़ियां लाइव लोकेशन से नदारद मिलीं। जिसके बाद कूड़ा उठाने वाली कंपनी दीक्षांक संस्था पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है,

इसके साथ ही व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये हैं। शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने की सुविधा में सबसे ज्यादा शिकायतें दीक्षांक संस्था की आ रही हैं।

पिछले दिनों नगर निगम में पार्षद लक्ष्मी कोरी ने दीक्षांक कंपनी को बैन करने का मुद्दा उठाया था। अधिकारियों ने कंपनी पर दबाव तो बनाया लेकिन पूरी तरह कंपनी सुधार नहीं कर पा रही है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर ने बताया कि कंपनी की ओर से प्रतिदिन डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य नहीं किये जाने के कारण क्षेत्रीय निवासियों द्वारा मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले, आईजीआरएस में शिकायतें की गईं।

पहले भी कई बार लिखित व मौखिक रूप से कंपनी को निर्देशित किया गया और चेतावनी दी गयी थी कि जोन 04 क्षेत्र से प्रतिदिन डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कराया जाए, ताकि शिकायतें न हों। लेकिन इसके बाद भी जोन से जुड़े वार्ड और मोहल्लों में शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का नहीं किया जा रहा है। जांच में कंपनी को दी गई गाड़ियां भी लाइव लोकेशन से गायब मिलीं। संस्था पर कार्य में लापरवाही के कारण 20 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से संस्था को पत्र जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि यदि नगर निगम कोष में एक सप्ताह के अन्दर कंपनी ने जुर्माने की राशि जमा नहीं कि तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# उपजिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया औचक निरीक्षण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप के निर्देशों के क्रम में उप जिलाधिकारी नवल विवेक कुमार मिश्रा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हाथीपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर वार्ड बॉय राम शंकर ही उपस्थित थे तथा शेष अन्य कोई कर्मचारी अथवा चिकित्सक उपस्थित नहीं पाया गया। उपस्थिति पंजिका के अनुसार अंकित कर्मचारियों में देवेंद्र शुक्ला सीनियर लैब असिस्टेंट, वर्तिका वैश्य स्टाफ नर्स, चिकित्साधिकारी राणा निगम , प्रतिभा, फार्मासिस्ट तथा शशि किरण सचान अनुपस्थित पाए गए। शशि किरण सचान की 18 की उपस्थिति भी उपस्थिति पंजिका पर अंकित नहीं पाई गई तथा वर्तिका वैश्य स्टाफ नर्स की उपस्थिति भी 17 और 18 की अंकित नहीं पाई गई । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर साफ- सफाई की स्थिति भी सही नहीं पाई गई, उपस्थित वार्ड बाय के द्वारा बताया गया कि सफाई कर्मचारी के छुट्टी पर होने के कारण साफ - सफाई सही ढंग से नहीं हो सकी है।। उपरोक्त से स्पष्ट है कि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर्मचारी सही ढंग से समय से उपस्थित नहीं हो रहे हैं,और न ही परिसर का रख-रखाव ढंग से की जा रही है जबकि यह केंद्र कानपुर- फतेहपुर मार्गपार हाइवे पर स्थित है, इसके संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर को पत्र प्रेषित करते हुए संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही के लिए सूचित किया गया है।

## सीडीओ के निरीक्षण में भवनों में गंभीर खामियां, कार्यदायी संस्था के अभियंता गायब

कानपुर। घाटमपुर में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने साढ़ थाने के नए आवासीय भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां सामने आईं। भवनों की स्थिति चिंताजनक पाई गई। एप्रोच रोड का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। भवन के बाहरी हिस्सों में नोना लग गया है। दीवारों पर लगे नोने का स्थाई समाधान नहीं किया गया। पिछले निरीक्षण में टूटा मिला प्लास्टर अब भी उसी स्थिति में है। पूर्व में बताई गई एक भी कमी को दूर नहीं किया गया। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह रही कि कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास निगम लिमिटेड के अधिशासी अभियंता महेश कुमार गुप्ता बिना किसी पूर्व सूचना के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहे ।यह अनुपस्थिति इसलिए भी गंभीर है क्योंकि इन भवनों का स्थानांतरण समिति के सामने प्रशासकीय विभाग को उन्हीं की उपस्थिति में किया जाना है। सीडीओ ने इस मामले में अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा है।

# मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक की




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत मण्डलायुक्त श्री के0 विजयेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में कानपुर मण्डल की समीक्षा बैठक की गई। बैठक का संचालन । बैठक के दौरान कानपुर मण्डल के अंतर्गत समस्त जिलों के उपायुक्त उद्योग एवं अग्रणी जिला प्रबंधक एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहें।

मण्डलायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बैंको द्वारा प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष सम्पूर्ण ऋण वितरण/ निस्तारण न किये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा सभी बैंको के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे प्राप्त आवेदन के सापेक्ष 100 प्रतिशत ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, अवगत कराया गया कि बैंक अपने स्तर से अपनी प्रत्येक शाखा से कम से कम 03 आवेदन कराये और उनका स्वीकृत एवं वितरण सुनिश्चित कराये एवं दिनांक 22 फ़रवरी 2025 तक प्रत्येक बैंक की प्रत्येक शाखा कम से कम 01 ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे दिनांक 23 फ़रवरी 2025 को होने वाले %मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान% के मेगा क्रेडिट कैम्प तक बेहतर प्रगति हो सके।

मण्डलायुक्त द्वारा पी0एन0बी0 एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की कार्य करने की प्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया एवं एक्सिस बैंक और एच0डी0एफ0सी0 बैंक के अधिकारियों को चेतावनी जारी करने लिये संयुक्त आयुक्त उद्योग, कानपुर मण्डल को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद कानपुर के बैंक ऑफ बड़ौदा के इस कार्य की सराहना की गई कि उनके ब्रांच मैनेजर द्वारा स्वत: फार्म भराकर वितरण सुनिश्चित कराया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दिनांक 13 फरवरी, 2025 को हो चुकी समीक्षा बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा जनपद कानपुर का 16 वितरण था व आज की समीक्षा करते वक्त 236 वितरण पाया गया। मंडलायुक्त द्वारा अन्य बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि सभी बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा के उक्त मॉडल पर कार्य करते हुये दिनांक 23 फ़रवरी 2025 को होने वाले मेगा क्रेडिट कैम्प से पूर्व ही पूर्ण प्रगति करायें।

सभी उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करायें एवं सभी बैंकर्स को निर्देशित किया गया

कि उन्हे प्रोजेक्ट, कोटेशन एवं आवेदन पत्र से संबंधित किसी भी समस्या हेतु उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र से समन्वय कर समस्या का त्वरित निस्तारण करायें।

# माह मुबारक में रोज़ा, तरावीह का इहतमाम फरमाएं, रमज़ान की कदर और उसका इहतराम करें




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नये दौर में पेश आने वाले नये मसायल के हल के लिये पूर्व काज़ी ए शहर हज़रत मौलाना मुहम्मद मतीनुल हक़ उसामा क़ासमी रह0 द्वारा स्थापित शहर कानपुर के वरिष्ठ मुफ्ती हज़रात पर आधारित कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी के अध्यक्ष मुफ्ती इक़बाल अहमद क़ासमी, महासचिव मौलाना खलील अहमद मज़ाहिरी, उपाध्यक्ष मुफ्ती अब्दुर्रशीद क़ासमी, मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी व पदाधिकारियों ने लोगों के नमाज़ , रोज़ा , तरावीह , ज़कात, फित्रा, हज व कुर्बानी में दीनी मालूमान और इस्लामी रहनुमाई के लिए रमज़ान हेल्प लाइन बनाम अल-शरिया हेल्प लाइन जारी करते हुए समस्त मुसलमानों विशेषकर कानपुरवासियों से अपील करते हुए फरमाया कि रमज़ान मुबारक की आमद आमद है। इससे बढ़ कर अल्लाह के ग़ज़ब को भड़काने वाला यह अमल है कि इस माह मुबारक में खुले आम पान, गुटखा, मसाला सरेआम खाया-पिया जाये और मुस्लिम मुहल्लों में दिन के समय चाय-पान और होटलों को खुला रखा जाये। खुदा के वास्ते रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शरियत को मज़ाक़ ना बनायें और रमज़ान की गरिमा को धूमिल ना करें। तरावीह- पूरे माह 20 रकअत तरावीह एहतमाम से पढ़ना सुन्नत ए मुतवातिर है और तरावीह में पूरे कुरआन का सुनना भी बड़ी सुन्नत है खत्म ए कुरआन- कुरआन करीम का तरावीह में सुनना सुनाना बहुत मुबारक काम है एक-एक शब्द पर दस नेकी और फिर रमज़ान और नमाज़ में पढ़ने के कारण से नेकियां कई गुना बढ़ जायेंगी।

मोलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह कासमी ने इंतजामिया से अपील की है रमज़ान मे बिजली, पानी, और मुस्लिम महिल्लों में सफाई का खास ख्याल रखा जाए उन्होने सहरी,अफतारी, और तरावीह के टाइम बिजली कटौती ना की जाए ।प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी, मौलाना खलील अहमद मजाहिरी, मुफ्ती अब्दुर रशीद कासमी, मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी के अलावा मौलाना मोहम्मद अनीस खान कासमी, मौलाना मोहम्मद इनामुल्लाह कासमी, मुफ्ती सैयद मोहम्मद उस्मान कासमी, मुफ्ती सऊद मुरशिद कासमी, मुफ्ती हिफ्ज़ुर्रहमान कासमी, मुफ्ती सअद नूर कासमी, मुफ्ती मोहम्मद दानिश कासमी, मुफ्ती इजहार मकर्रम कासमी और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# जीएसवीएम में हेपेटाइटिस बी इम्यूनोग्लोबुलीन की निशुल्क सेवा हुई उपलब्ध

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जीएसवीएम पीजीआई पीएमएसएसवाई का गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग राष्ट्रीय वायरल हेपिटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्रीटमेंट सेंटर के रूप में कार्य कर रहा है। इस राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) का उद्देश्य वायरल हेपेटाइटिस को नियंत्रित करना और समाप्त करना है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस बी और सी के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करना है ।डॉ विनय कुमार विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं नोडल एनवीएचसीपी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीजीआई गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में हेपेटाइटिस बी एवं सी से संबंधित सभी जांच व इलाज की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। हेपेटाइटिस बी से संक्रमित गर्भवती माँ से नवजात शिशु को संक्रमण रोकने के लिए आवश्यक हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन (भ्ठप्ळ) इंजेक्शन भी निशुल्क उपलब्ध हो गया है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस सी को 2030 तक समाप्त करना, हेपेटाइटिस बी और सी के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करना व हेपेटाइटिस ए और ई के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। इस बावत प्राचार्य डॉ संजय काला ने बताया कि यह निशुल्क इम्यूनोग्लोबुलीन इंजेक्शन उन मरीजों के लिए फायदेमंद होगा जो कि यह महंगा इंजेक्शन खरीद कर नहीं ला सकते हैं।

- कार्यक्रम के मुख्य घटक

इस कार्यक्रम का मुख्य घटक बीमारी की रोकथाम व जागरूकता पैदा करना है। टीकाकरण, रक्त और रक्त उत्पादों की सुरक्षा निदान और उपचाररू नि:शुल्क निदान और उपचार की व्यवस्था तथा निगरानी और मूल्यांकन निगरानी प्रणाली के साथ संबंध स्थापित करना और अनुसंधान करना है।

- एचबीआईजी इंजेक्शन के उपयोग

डॉ विनय कुमार ने बताया कि एचबीआईजी इंजेक्शन का उपयोग नवजात शिशुओं में किया जाता है, जिनमें शिशुओं की माताएं हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमित हैं। इस इंजेक्शन को नवजात शिशु को पैदा होने के चौबीस घंटे के अंदर लगाया जाता है।

हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमण की रोकथाम एचबीआईजी इंजेक्शन का उपयोग उन लोगों में किया जाता है जो हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमित होने के जोखिम में हैं, जैसे कि हेल्थ वर्कर जो हेपटाइटिस बी धनात्मक मरीज के संक्रमित रक्त के संपर्क में आते हैं। साथ ही हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमण का इलाज एचबीआईजी इंजेक्शन का उपयोग हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमित लोगों के इलाज के लिए किया जाता है, खासकर उन लोगों में जो इम्यूनोसप्रेस्ड हैं या जिन्हें लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है।

# मृतक आश्रित नौकरी न देने पर हाईकोर्ट में पेश हुए नगर आयुक्त, जांच में गैंगस्टर निकला कर्मी का बेटा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम कर्मचारी की मौत के बाद मृतक आश्रित कोटे में बेटे को नौकरी न देने के मामले में नगर आयुक्त सुधीर कुमार हाईकोर्ट में पेश हुए।

हाईकोर्ट में जवाब दाखिल न करने और पेश न होने पर होईकोर्ट ने नगर आयुक्त के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी किया था।

मामले में अपर नगर आयुक्त आवेश खान ने बताया कि राजकुमार स्वास्थ्य विभाग में वार्ड संख्या-84 जोन-1 सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। सेवाकाल के दौरान 1 अक्टूबर 2020 को उनकी मृत्यु हो गई थी। उनकी मौके बाद उनके बेट गोलू ने मृतक आश्रित में नौकरी के लिए आवेदन किया ।नियुक्ति न दिए जाने को लेकर गोलू ने हाईकोर्ट में वाद दाखिल किया था। नगर आयुक्त ने हाईकोर्ट में पेश होकर गोलू के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों का हवाला दिया और रिपोर्ट होईकोर्ट में पेश की। नगर आयुक्त ने बताया कि चरित्र सत्यापन रिपोर्ट में पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि गोलू के खिलाफ चमनगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। ऐसे में वो नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।

# पाँच गोलियां सल्फास की खाने के बाद डाक्टरों ने मरीज को सकुशल बचाया

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।कन्नौज से रिफर सल्फास खा कर आए युवक की डाक्टरो ने कड़ी मशक्त के बाद उसकी जान बचा कर उसे नई जिन्दगी दी।

डाक्टरो ने बताया कि युवक ने 5 गोली सल्फास खाया था जिसका उपचार कन्नौज में चल रहा था। लेकिन युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जीएसवीएम मेडिकल कालेज रिफर किया गया जहां डॉ बी पी प्रियदर्शी के अधीन उसे भर्ती कर उसका उपचार कर उसके जीवन को डाक्टरो ने बचा लिया। डॉ बी पी प्रियदर्शी ने बताया कि भदौली ततिया जिला-कन्नौज निवासी राम जी (23) को 27 जनवरी 2025 को लाला लाजपत राय चिकित्सालय के अकास्मिक विभाग में सल्फास की गोलिया खाने की शिकायत के साथ भर्ती किया गया था। राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज से रेफर होने के बाद बीपी प्रियदर्शी आचार्य, मेडिसिन विभाग, की यूनिट के अधीन भर्ती हुये थे।

भर्ती के समय मरीज का ब्लड प्रेशर नॉन रिकार्डेबल तथा कम्पलीट हार्ट ब्लाक था। उपचार के दौरान मरीज के पेट की सफाई करवायी गयी। ब्लड प्रेशर बढ़ाने एवं दिल को चलाने के लिए आवश्यक औषधियां दी गयीं। जिसके बाद ब्लड प्रेशर सामान्य हो गया और दिल भी काम करने लगा।

फिर मरीज के दोनों गुर्दे काम करना बन्द हो गये थे तथा सीरम क्रिएटिनिन की मात्रा 14 हो गयी थी। सीरम क्रिएटिनिन बढ़ा होने के कारण मरीज को पेशाब नहीं जा रही थी और शरीर में सूजन आने लगी थी।

जिसके पश्चात् मरीज की लगातार 18 बार डायलिसित करायी गयी। डा0 बी0पी0 प्रियदशी, आचार्य एवं उनकी यूनिट के जूनियर रेजीडेण्ट के अथक प्रयासों के पश्चात मरीज स्वस्थ्य होकर चिकित्सालय से दिनांक 19 फरवरी,2025 को डिल्चार्ज कर दिया गया है। मरीज के परिजनो ने चिकित्सालय में हुए उपचार से संतुष्अ होकर डॉक्टरो का आभार व्यक्त किया। उपचार करने वाले चिकित्सकों बी0पी0 प्रियदर्शी आचार्य, डा0 ऋभा कौशिक, जे0आर0-3 एवं डॉ0 सुवर्णा शर्मा जेआर-2, कौशल किशोर सिंह, डा0 अन्नया सिंह एवं बा0 शरद कोटरीवाल जे0आर-1 को धन्यवाद किया।

## मवेशियों को ले जा रही डीसीएम का टायर पंचर, तस्कर पकड़े गए

कानपुर। महाराजपुर में पुलिस ने पशु तस्करी का एक बड़ा मामला पकड़ा है। कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर महाराजपुर ओवरब्रिज के पास एक डीसीएम का टायर पंचर हो गया। इस डीसीएम में दो दर्जन से अधिक मवेशी भरे हुए थे।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मध्य प्रदेश से मवेशियों को लेकर कानपुर जा रहे थे। डीसीएम में मवेशियों को अत्यधिक भीड़भाड़ की स्थिति में भरा गया था।

# पुराने मीटर पर हजारों बकाए के बावजूद नया मीटर लगाया

**सुतरखाना में एक ही पते पर एक से अधिक मीटर लगाए जाने के कई केस विवादित दुकान से बिजली मीटर गायब! एक्स ईएन करेंगे जांच**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सुतरखाना की एक विवादित दुकान से सालों पुराना चलता हुआ बिजली मीटर गायब कर दिया गया। फिर बिना डिस्कनेक्शन के ही, नियम विपरीत जाकर केस्को ने दुकान में किसी और के नाम से नया प्रीपेड मीटर भी लगा डाला। वो भी तब जब उसी दुकान के गायब हुए मीटर पर हजारों का बिल बकाया था। दुकान से पुराना चलता हुआ मीटर गायब करने का आरोप लगा है ग्वालटोली निवासी एक युवक पर, जो कथित तौर पर दुकान को चला रहा था। वहीं आरोप लगाने वाला सुतरखाने का स्थानीय होटल संचालक है, जिसको दुकान का मूल किरायेदार बताया जा रहा है। पीड़ित होटल संचालक ने केस्को मुख्यालय में शिकायती पत्र देकर, उसकी दुकान पर अवैध कब्जा जमाए ग्वालटोली के युवक पर मीटर गायब कर देने, और फर्जी कागजातों से गैरकानूनी ढंग से नया मीटर लगवा लेने का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले ने सबस्टेशन स्तर पर लापरवाह कार्यशैली को उजागर कर दिया है, की जेई आदि किस कदर बिना कागजी जांच के, एक ही एड्रेस पर या एक ही दुकान में नए मीटर लगा दिए जाते हैं। वो भी पुराने मीटर पर हजारों का बकाया होने के बावजूद। केस्को एमडी के ओएसडी योगेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एक्जीक्यूटिव इंजीनियर वागीश कुमार को जांच सौंप दी गई है। जांच में मिलने वाले तथ्यों के आधार पर दोषी पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित के अनुसार सुतरखाना मेन रोड पर लगभग डेढ़ दशक से वो वक्फ संपत्ति की दुकान नंबर 72/9- बी चला रहा था। वक्फ में दुकान का किराया भी वही अदा कर रहा था। दुकान में 2013 से ही उसके नाम का बिजली मीटर भी लगा था। उसने अपने ग्वालटोली निवासी एक पार्टनर को आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स का व्यापार करने को दुकान सौंप दी। पार्टनर की नियत में खोट आया तो उसने ताले डालकर, कूट रचित दस्तावेजों से दुकान पर कब्जे के प्रयास किया। पुलिस कंप्लेन भी हुई। आरोप है कि इस बीच कब्जे का प्रयास करने वाले ग्वालटोली निवासी पार्टनर ने दुकान में लगा पीड़ित के नाम का मीटर उखाड़ कर गायब कर दिया। पीड़ित के अनुसार ऐसे ही कूट रचित और फर्जी रसीदों से आरोपी ने उनकी दुकान पर अपने नीम से नया मीटर भी लगवा डाला। बता दें कि खुद केस्को अधिकारियों के अनुसार सुतरखाना और दूसरी घनी आबादी इलाकों मेंएक ही छोटी सी दुकान या पते पर एक से अधिक मीटर लगा दिए जाने की कई शिकायतें पिछले कुछ समय में आई हैं।

# मण्डलायुक्त ने पीएनबी एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कार्य करने की प्रणाली पर जताया असंतोष



बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत मण्डलायुक्त के0 विजयेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में कानपुर मण्डल की समीक्षा बैठक की गई। बैठक का संचालन । बैठक के दौरान कानपुर मण्डल के अंतर्गत समस्त जिलों के उपायुक्त उद्योग एवं अग्रणी जिला प्रबंधक एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहें मण्डलायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बैंको द्वारा प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष सम्पूर्ण ऋण वितरण/ निस्तारण न किये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा सभी बैंको के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे प्राप्त आवेदन के सापेक्ष 100 प्रतिशत ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, अवगत कराया गया कि बैंक अपने स्तर से अपनी प्रत्येक शाखा से कम से कम 03 आवेदन कराये और उनका स्वीकृत एवं वितरण सुनश्चित कराये एवं 22 फ़रवरी 2025 तक प्रत्येक बैंक की प्रत्येक शाखा कम से कम 01 ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे 23 फ़रवरी 2025 को होने वाले मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के मेगा क्रेडिट कैम्प तक बेहतर प्रगति हो सके।

मण्डलायुक्त द्वारा पी0एन0बी0 एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की कार्य करने की प्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया एवं एक्सिस बैंक और एच0डी0एफ0सी0 बैंक के अधिकारियों को चेतावनी जारी करने लिये संयुक्त आयुक्त उद्योग, कानपुर मण्डल को निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद कानपुर के बैंक ऑफ बड़ौदा के इस कार्य की सराहना की गई कि उनके ब्रांच मैनेजर द्वारा स्वत: फार्म भराकर वितरण सुनिश्चित कराया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी, 2025 को हो चुकी समीक्षा बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा जनपद कानपुर का 16 वितरण था व आज की समीक्षा करते वक्त 236 वितरण पाया गया। मंडलायुक्त द्वारा अन्य बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि सभी बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा के उक्त मॉडल पर कार्य करते हुये 23 फ़रवरी 2025 को होने वाले मेगा क्रेडिट कैम्प से पूर्व ही पूर्ण प्रगति करायें। सभी उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करायें एवं सभी बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि उन्हे प्रोजेक्ट, कोटेशन एवं आवेदन पत्र से संबंधित किसी भी समस्या हेतु उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र से समन्वय कर समस्या का त्वरित निस्तारण करायें।

# शहर को मिल सकता 200 करोड़ का नया कारोबार, अमेरिका की ओर से चीन पर लगे टैरिफ का असर, बढ़ सकता निर्यात

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अमेरिका-चीन के बीच टैरिफ वॉर के बीच शहर के चमड़ा खिलौना कारोबारियों को लाभ हो रहा है। अमेरिकी कंपनियों को शहर के चमड़ा खिलौना कारोबारियों के उत्पादों के रेट और गुणवत्ता पसंद आ गई है। फाइनल सैंपल मंगवा लिए गए हैं। करीब 200 करोड़ का नया कारोबार शहर के कारोबारियों की झोली में गिर सकता है। निर्यातकों का दावा है कि शहर के कई चमड़ा खिलॉना कारोबारियों को अमेरिकी बाजार से नए छोटे ऑर्डर भी मिल चुके हैं।

शहर से चमड़े के खिलौने का अमेरिकी बाजार में लगभग 200 करोड़ का निर्यात होता है। इस कारोबार में अभी तक ज्यादातर बाजार पर चीन का कब्जा रहा माना जाता है। महीने की शुरुआत से ही दोनो देशों के एक दूसरे के उत्पादों पर टैरिफ लगाए जाने के बाद से ही शहर के चमड़ा खिलौना निर्यातक अमेरिकी बाजार में संभावनाएं तलाश रहे थे। ऑनलाइन सैंपल और क्वालिटी कोटेशन के बाद अब वहां के कारोबारियों ने शहर के निर्यातकों से मूल सैंपल और ऑर्डर को भेजने की समय सीमा पर चर्चा शुरू कर दी है। उद्यमी मान रहे हैं कि मार्च महीने से शहर के उत्पादों का निर्यात शुरू हो सकेगा।

निर्यातकों का यह भी दावा है कि अमेरिकी बाजार में बदले स्वरूप के चलते शहर के कारोबारियों को जल्द ही अमेरिका के बाजार में चमड़े के खिलौनों का निर्यात दोगुना करने का अवसर मिल सकेगा। सना इंटरनेशनल एक्जिम के निदेशक डॉ. जफर नफीस ने कहा कि फिलहाल अमेरिकी बाजार में लगभग 200 करोड़ रुपये का सालाना चमड़े के खिलौने का ऑर्डर मिलता है। अमेरिका-चीन टैरिफ वॉर के बीच जिस तरह से अमेरिका के कारोबारी रुझान दिखा रहे हैं उससे यह अनुमान है कि इस साल यह कारोबार तीन गुना तक बढ़ सकता है।

हैंड मेड खिलौने की मांग

अमेरिका के कारोबारी शहर से जो चमड़े के खिलौनों के उत्पादों की मांग कर रहे हैं, उनमें 80 फीसदी हैंड मेड 'हस्त निर्मित' खिलौने सबस अधिक है। एचएन लेदर के निदेशक मोहम्मद हसीमुद्दीन ने बताया कि शहर के ज्यादातर चमड़ा खिलौना निर्यातक इस समय अमेरिका के कारोबारियों के संपर्क में हैं। लगभग 200 करोड़ के ऑर्डर पर बातचीत चल रही है। यह रकम फिलहाल अमेरिका में होने वाले कारोबार का दोगुना है।

बढ़ सकता है निर्यात

शहर के चमड़ा कारोबार में बढोतरी के संकेत शहर के अन्य उत्पादों पर भी जल्द ही दिखने के आसार है। फियो ( फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार संबंध काफी मजबूत हो रहे हैं। चमड़ा खिलौना बाजार में इसका असर भी दिखाई देने लगा है। जल्द ही वस्तु क्षेत्र के साथ ही सेवा क्षेत्र में भी सकारात्मक परिणाम नजर आ सकते हैं।

# नकली नोटों का बंडल देकर ज्वैलर्स से ठगी, एक को पकड़ा

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।बिरहाना रोड स्थित एक ज्वैलर्स के यहां दो शातिरों ने घुसकर टप्पेबाजी को अंजाम दिया। बदमाशों ने 45 ग्राम की दो सोने की चेन ( चार लाख कीमत) खरीदी और ज्वैलर्स को पांच सौ रुपए के नकली नोट थमा दिए। इसमें से एक आरोपी ज्वैलर्स ने खुद पकड़ लिया। वहीं दूसरा आरोपी चेन लेकर फरार हो गया है। ज्वैलर्स और उनके स्टाफ ने पकड़े गए आरोपी को फीलखाना पुलिस को सौंप दिया है। एडीसीपी ईस्ट के मुताबिक दूसरे आरोपी की तलाश में टीमें छापेमारी कर रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।मूल रूप से ग्वालियर निवासी कमल किशोर गुप्ता यहां पर के ब्लॉक किदवई नगर में रहते हैं। कमल किशोर की बिरहाना रोड पर न्यू पुष्पांजलि ज्वैलर्स के नाम से ज्वैलरी शोरूम है। कमल किशोर के मुताबिक बुधवार को वह शोरूम में बैठे हुए थे। कमल किशोर के मुताबिक बुधवार शाम लगभग 7-55 बजे दो युवक उनके यहां पहुंचे। उन्होंने शोरूम में आकर चेन देखने के लिए कहा। स्टाफ ने उन्हें चेन दिखाना शुरू किया। शातिरों ने दो सोने की चेन पसंद की। जिनका वजन 45 ग्राम था दोनों चेन की कीमत चार लाख रुपए थी जो उन्हें बताई गई। कमल किशोर गुप्ता के मुताबिक उनमे ं से एक शातिर ने दोनों चेन ले ली और दूसरा 500 के नोटों के सात बंडल लेकर काउंटर पर आ गया। कमल किशोर के मुताबिक जब उन्होंने नोटों का बंडल देखा तो पता चला कि सभी बंडल में ऊपर और नीचे की तरफ एक एक पांच सौ के नोट असल लगे थे। बाकी चूरन वाले नोट बीच में मौजूद थे। कमल किशोर गुप्ता ने बताया कि नोट देने वाले युवक को पकड़ लिया जबकि चेन जिसके हाथ में थी वो फरार होने में कामयाब रहा। पीड़ित ज्वैलर्स के मुताबिक मामले में पुलिस को तहरीर और एक आरोपी को सौंप दिया गया है। जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी शुक्लागंज के रहने वाले हैं। पुलिस की एक टीम शुक्लागंज के लिए रवाना की गई है। उसके पकड़े जाने के बाद चेन बरामदगी का भी प्रयास होगा।

# महिला मुख्यमंत्री की शपथ पर क्षेत्रीय कार्यालय में बंटे लड्डू

बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिल्ली में 27 वर्षों के उपरांत भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय में भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह दीपू पांडे दिनेश कुशवाहा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी सहित सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर एवं आतिशबाजी कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

इस ऐतिहासिक विजय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि यह जीत दिल्ली की जनता की आशाओं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी की जीत है। यह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों और सेवा भाव का परिणाम है कि दिल्ली की जनता ने पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर सरकार बनाने का अवसर प्रदान किया ।उन्होंने आगे कहा कि यह विजय पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और जनता के विश्वास का प्रमाण है। आने वाले समय में भाजपा सरकार दिल्ली में सुशासन, विकास और जनता की सेवा हेतु समर्पित रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की और दिल्ली में पार्टी की जीत को ऐतिहासिक क्षण बताया।

# गड्ढे मुक्त हो रहा कानपुर-इटावा हाइवे, जाजमऊ से लेकर भौंती तक बन रही बिटुमिनस कंक्रीट से सड़क



बीपीएस न्यूज

**कानपुर।** कानपुर से इटावा जाने वाले हाइवे पर एनएचएआई नेमजाजमऊ से लेकर भौंती तक बिटुमिनस कंक्रीट से सड़क बनानी शुरू कर दी है। जाजमऊ पुल के पास सड़क खस्ता है। इसके अलावा हाइवे पर कई जगहों पर छोटे से लेकर बड़े गड्ढे हैं। ऐसे में कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएआई बिटुमिनस कंक्रिट से हाइवे की सड़क का निर्माण करा रहा है। हाइवे की खराब परत को हटाया जा रहा है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक अमन रोहिल्ला ने बताया कि हाइवे की परत को हटावाकर बिटुमिनस कंक्रीट से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बिटुमिनस कंक्रीट एक प्रकार की निर्माण सामग्री है, जिसका उपयोग राजमार्गों, सर्विस रोड, पार्किंग स्थल आदि को पक्का करने के लिए व्यापक रूप से किया जाता है। यह उत्पाद पत्थर और अन्य समग्र तत्वों के मिश्रण से बना होता है, जिसे एक बंधन एजेंट द्वारा एक साथ रखा जाता है। इस बंधनकारी पदार्थ को ही बिटुमिन कहते हैं, जो पेट्रोलियम शोधन प्रक्रिया का एक उपोत्पाद है। गर्म होने पर यह टार के समान गाढ़ा और चिपचिपा हो जाता है। ठंडा होने पर यह एक सघन सतह में जम जाता है।

# अमेंडमेंट बिल की प्रतियां फाड़ अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

**काला कानून वापस लेने... के लगाए नारे, आंदोलन का अल्टीमेटम**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। एडवोकेट अमेंडमेंट बिल-2025 के विरोध में गुरुवार को बॉर और लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शताब्दी गेट पर नारेबाजी करते हुए प्रतियां फाड़ी। काला कानून वापस लो... अधिवक्ता एकता जिंदाबाद... जैसे नारे लगाए। पूर्व लॉयर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य बीमा लागू किया जाए, वरना अधिवक्ता सड़क पर उतरेंगे।

शताब्दी गेट पर प्रदर्शन के दौरान रविंद्र शर्मा ने कहा की एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में अधिवक्ताओं के हित का कुछ भी नहीं है। बिल के द्वारा केंद्र सरकार अपने सदस्य नामित कर बार कांउसिल ऑफ इंडिया की स्वायत्तता समाप्त करने के विचार में है। उन्होंने कहा कि संशोधन बिल से अधिवक्ताओं की हड़ताल की शक्ति को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। बिल सुझाव लायक नहीं है, यह बिल अधिवक्ताओं के लिए फांसी का फंदा है।

अमेंडमेंट बिल संविधान के अनुच्छेद 19 (विरोध का अधिकार) के विपरीत है। सरकार अधिवक्ताओं को कमजोर कर न्यायपालिका पर कब्जे का प्रयास कर रही है, जो अधिवक्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। अधिवक्ताओं ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से एडवोकेट अमेंडमेंट बिल-2025 तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। कानपुर बॉर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदीवर बाजपेई ने कहाकि, काले कानून के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन कामयाब होगा।

इस मौके पर बिनय मिश्रा, जीतेंद्र सिंह, पारसनाथ शर्मा, सतीश कश्यप, राम नवल कुशवाहा, अरविंद दीक्षित, गुलाम रब्बानी, शैलेश त्रिवेदी, अनूप जायसवाल, संजीव कपूर, आशुतोष शर्मा, शंभू मिश्रा, शिवम गंगवार, इंद्रेश मिश्रा मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम हेतु लगाई लगाम दिए निर्देश




बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम हेतु जनपद में चेक गेट स्थापित किए जाने तथा डिस्टिक मिनिरल फण्ड कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अवैध खनिज वाहनों के परिवहन पर 24 घंटे मॉनिटरिंग हेतु जनपद में चेक गेट लगाए जाए,जिसके लगाने के उपरांत जनपद में अवैध खनिज वाहनों पर 24 घंटे कड़ी निगरानी की जा सके। उक्त चेक गेट में पी0 टी0 जेड कैमरा , आर. एफ. आई. डी. स्कैनर आदि सुविधा से युक्त रहेगा। जिसमें 24 घंटे खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों का रियल टाइम चेकिंग की जा सकेगी। तथा बिना परिवहन प्रपत्राव ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध ससमय कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन चालान जेनरेट होगा। जिसकी जुर्माना धनराशि प्रतिरूपित करते हुए उसकी वसूली संबंधित वाहन स्वामी से की जा सकेगी। इससे जनपद में राजस्व में वृद्धि होगी तथा अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाई जा सकेगी। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी दिव्या, अपर जिलाधिकारी (नगर) डा. राजेश कुमार, जिला खनन अधिकारी सनी कौशल आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक दल प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय लोक दल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय पूर्व एमएलसी का कानपुर देहात की ओर जाते हुए जाजमऊ गंगा पुल में भव्य स्वागत किया गया स्वागत के दौरान पत्रकार बंधुओ से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल संगठन को जिला ब्लाक और बूथ तक ले जाने के लिए संगठनात्मक समीक्षा का कार्य कर रहा है उसी क्रम में मैं कानपुर का दौरा हुआ है राष्ट्रीय लोकदल की मजबूती एनडीए की मजबूती है आगामी पंचायत एवं निकायों के चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने पुराने जन आधार को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय लोकदल का संगठन कार्य कर रहा है राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह को प्रधानमंत्री ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। स्वागत करने वालों में सर्वश्रेष्ठ सुरेश गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान महानगर अध्यक्ष नीरज सिंह चंदेल अश्वनी त्रिवेदी नगर महामंत्री राविल गुप्ता कोषाध्यक्ष मोहम्मद इकराम अली सद्दाम हुसैन मोहम्मद नसीम असगर अली आदि प्रमुख थे।

# बाइक सवार युवक की मौत

कानपुर। चौबेपुर में अवैध मिट्टी खनन का एक मामला सामने आया है। बुधवार रात एक डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई ।भगवंतपुर गांव के शिवपाल यादव शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। डंपर अवैध मिट्टी खनन कर ले जा रहा था। घटना को देख ग्रामीणों ने डंपर और चालक को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने चालक की पिटाई की। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। चालक ने स्वीकार किया कि वह अवैध मिट्टी खनन के काम में शामिल था।

# फसल अवशेष प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में किसानों को फसल अवशेषों को न जलाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहे केंद्र के प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह ने किसानों से कहा कि फसल अवशेषों में आग न लगाकर उन्हें खेत में सड़ा कर ही खाद बनाएं। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बरकरार रहेगी।

कार्यक्रम में डॉ. खलील खान ने कहा कि फसल अवशेषों में आग लगने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। इसके साथ ही मनुष्य का स्वास्थ्य भी काफी हद तक प्रभावित होता है। इसमें बच्चे बुजुर्ग व गर्भवती महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित होती हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में धान व गेहूं का फसल चक्र मुख्य है। जिससे काफी मात्रा में फसल अवशेष होता है।

# श्रीमद् भागवात कथा का हुआ समापन, हजारो भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शास्त्री नगर स्थित श्री रामलला गोपाल आश्रम सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का गुरूवार को समापन हुआ। समापन के उपरान्त विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर सवा लाख मंत्रोच्चारण के साथ विशाल यज्ञ की आहूती दी गई। इस पावन अवसर पर कानपुर नगर व आस पास के सभी महा मण्डलेश्वर, पीठेश्वर तथा महंत शामिल हुए और

भगवान श्रीहरि के पूजा अर्चना करने के साथ ही उन्होंने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। सनातन धर्म की जय जयकार के साथ भक्तो ने भजन कीर्तन किया और मानव कल्याण के लिए उन्होंने भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान यज्ञ करने वालो में श्रीराम लला गोपाल मंदिर के महंत 108 श्रीबलराम दास जी महाराज, कथा वाचक उमेश शुक्लजी, अरूण द्विवेदी, यज्ञ संचालक पं0 सोमदत्त द्विवेदी, पं0 गोपाल जी त्रिपाठी, ओम प्रकाश अग्निहोत्री, अशोक वर्मा, कुसुमा वर्मा, लक्ष्मी अग्निहोत्री, सुशील द्विवेदी समेत तमाम महिलाएं व पुरूष तथा महंत मौजूद रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ में महिलाओं के नहाते हुए का वीडियो बेचा

प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं और इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। लेकिन सनातन के इस सबसे बड़े मेले में बड़ी साजिश रची गई। जिसमें महिलाओं के स्नान करते वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए हैं और बकायदा रकम इसके लिए लगाई गई है। इस मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने 113 लोगों को चिन्हित किया है। 13 एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द ही कर ली जाएगी। जल्द ही इस पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा। पुलिस इस रैकेट से जुड़े हर शख्स को चिन्हित कर रही है, जिससे इसका खुलासा हो सके।

आपको बता दें कि कथित तौर पर धार्मिक सभा में रिकॉर्ड की गई आपत्तिजनक सामग्री फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर प्रसारित हो रही है। इनमें से कुछ वीडियो, जिनमें महिलाएं खुद को तौलिए से ढकती या कपड़े बदलती दिखाई देती हैं। ऐसे वीडियो का उपयोग टीज़र के रूप में किया जा रहा है। रिपोर्टों से पता चलता है कि इन वीडियो तक पहुंच 1,999 से 3,000 तक की राशि में बेची जा रही है। इंडिया टुडे के अनुसार, अश्लील सामग्री को बढ़ावा देने वाले कुछ फेसबुक पेजों ने इन क्लिपों को 'महाकुंभ गंगा स्नान प्रयागराज' जैसे कैप्शन और समहाकुंभ2025, सगंगास्नान और सप्रयागराजकुंभ जैसे हैशटैग के साथ शेयर किया है।पहली बार 17 फरवरी को एक इंस्टाग्राम अकाउंट के खिलाफ अनुचित वीडियो साझा करते हुए मामला दर्ज किया गया था, उसके बाद 19 फरवरी को एक टेलीग्राम चैनल द्वारा इसी तरह की सामग्री बेचने के बाद दूसरा मामला दर्ज किया गया था। कोतवाली कुंभ मेला पुलिस स्टेशन जांच कर रहा है, और अधिकारियों ने अकाउंट चलाने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी के लिए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा से संपर्क किया है।

## अगर मायावती ने साथ दिया होता तो..', राहुल गांधी के बयान पर भड़कीं बसपा प्रमुख

रायबरेली में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते थे कि बहनजी बीजेपी के खिलाफ लड़ाई में हमारे साथ रहें। लेकिन किसी कारण से, मायावती जी ने ऐसा नहीं किया। अगर तीनों पार्टियां एक साथ आतीं, तो बीजेपी कभी नहीं जीतती। इसके बाद बसपा प्रमुख मायावती ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिन राज्यों में मजबूत है या जहाँ उनकी सरकारें हैं वहाँ बीएसपी व उनके अनुयाइयों के साथ द्वेष व जातिवादी रवैया है, किन्तु यूपी जैसे राज्य में जहाँ कांग्रेस कमजोर है वहाँ बीएसपी से गठबंधन की वरग़लाने वाली बातें करना यह उस पार्टी का दोहरा चरित्र नहीं तो और क्या है ?ऐसे में बीएसपी को हमेशा घाटे में ही रहना पड़ा है। उन्होंने कहा कि वैसे भी कांग्रेस व भाजपा आदि का चाल, चरित्र, चेहरा हमेशा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर, उनकी अनुयायी बीएसपी व उसके नेतृत्व, उनके दलित-बहुजन अनुयाइयों एवं आरक्षण आदि का घोर विरोधी रहा है, जिससे देश संविधान का समतामूलक व कल्याणकारी उद्देश्य पाने में काफी पीछे जो चिन्ताजनक है।

## गलतफहमी में न रहें, अदालत ने एडवोकेट को सुनाई खरी-खरी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक वकील के ज़रिए इस बुनियाद पर मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई कि एक सीनियर वकील इस मामले में बहस करेंगे. जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने उस वकील को फटकार लगाई, जिसने एक कमर्शियल विवाद से संबंधित मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया था.वकील ने अदालत से मामले को चार हफ्ते के लिए स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि सीनियर वकील हरीश साल्वे



इस मामले पर बहस करेंगे. वकील ने कहा कि साल्वे विदेश में हैं और लौटने के बाद वह मामले में खुद बहस करेंगे. पीठ ने टिप्पणी की, 'क्या आपको लगता है कि अगर आप किसी सीनियर वकील का नाम लेंगे तो हम मामले को स्थगित कर देंगे ? वकीलों की यह आदत बंद होनी चाहिए. हम सिर्फ इसलिए मामले को स्थगित नहीं करेंगे क्योंकि आपने किसी सीनियर वकील का नाम लिया है. 'जब मामला बाद में सुनवाई के लिए आया तो अदालत ने कहा कि वह इस धारणा को दूर करना चाहती है कि वह वरिष्ठ वकील का नाम लेने पर मामले को स्थगित कर सकती है. बहरहाल, उसने अनुरोध कबूल कर लिया और सुनवाई स्थगित कर दी. न्यायालय ने जनवरी में एक वकील को कार में बैठकर अदालत को संबोधित करने के लिए फटकार लगाई थी और कानूनी कार्यवाही की गरिमा बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया था.

## रमजान में एक घंटा पहले छुट्टी कर सकेंगे मुस्लिम कर्मचारी, आदेश पर भड़का विपक्ष

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने सोमवार को एक आदेश जारी कर मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों को रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान एक घंटा पहले दफ्तर से छुट्टी देने की अनुमति दी है. इस फैसले का बीजेपी ने कड़ा विरोध किया और इसे तुष्टीकरण की राजनीति करार दिया है. साथ ही कहा है कि यह सिर्फ मुसलमानों के लिए ही क्यों, हिंदुओं को नवरात्रि के दौरान ऐसा क्यों नहीं किया जाता ?तेलंगाना के मुख्य सचिव की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक मुस्लिम सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) कर्मचारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी, बोर्ड और सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) के कर्मचारी रमज़ान के दौरान शाम 4 बजे दफ्तर से जा सकेंगे. यह सुविधा 2 मार्च से 31 मार्च तक लागू रहेगी। हालाँकि, यदि किसी आपातकालीन सेवा की आवश्यकता हुई, तो कर्मचारियों को रुकना पड़ेगा.बीजेपी ने इस फैसले को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए इसे मुस्लिम तुष्टीकरण का उदाहरण बताया. बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस सरकार ने मुस्लिम कर्मचारियों के लिए तो काम के घंटों में छूट दी, लेकिन हिंदुओं को नवरात्रि के दौरान ऐसा कोई लाभ नहीं दिया जाता.भाजपा आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह मुस्लिम समुदाय को सिर्फ वोट बैंक के रूप में देखती है. उन्होंने कहा, 'यह फैसला किसी समुदाय की धार्मिक मान्यताओं के प्रति संवेदनशील होने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने के लिए लिया गया है. इसका विरोध किया जाना चाहिए. 'इस बीच तेलंगाना के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने रमज़ान के लिए ऐतिहासिक मक्का मस्जिद और शाही मस्जिद में खास तैयारियां शुरू कर दी हैं. रमज़ान इस्लाम का पवित्र महीना है, जिसमें मुसलमान पूरे महीने रोज़ा रखते हैं, इबादत करते हैं और आत्म चिंतन कर खुद को बेहतर इंसान बनाने की कोशिश करते हैं. रमज़ान के आखिर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है.

## मुझे हल्के में मत लेना, इशारों-इशारों में शिंदे ने किसे अच्छे से समझा दिया

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें हल्के में लेने वालों को चेताया। नागपुर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, शिवसेना प्रमुख ने कहा कि मुझे हल्के में न लें, जिन लोगों ने मुझे हल्के में लिया है। उन्हें मैं पहले ही यह कह चुका हूं। मैं एक सामान्य पार्टी कार्यकर्ता हूं, लेकिन मैं बाला साहेब का कार्यकर्ता हूं और सभी को मुझे इसी समझ के साथ लेना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि जब 2022 में लोगों ने मुझे हल्के में लिया तो टांगा पलट गया और मैंने सरकार बदल दी। उन्होंने कहा कि हम आम लोगों की इच्छाओं की सरकार लेकर आए। विधानसभा में अपने पहले भाषण में मैंने कहा था कि देवेंद्र फड़नवीस जी को 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और हमें 232 सीटें मिलीं। इसलिए मुझे हल्के में न लें, जो लोग इस संकेत को समझना चाहते हैं, वे इसे समझें और मैं अपना काम करता रहूंगा।अभिभावक मंत्री के पद पर असहमति से लेकर परियोजनाओं की निगरानी के लिए अलग-अलग मेडिकल सेल और 'वॉर रूम' की अलग-अलग समीक्षा बैठकें करने तक, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और उनके डिप्टी शिंदे के बीच बेचैनी बढ़ती दिख रही है। भाजपा के नेतृत्व वाले तीन-दलीय गठबंधन द्वारा विधानसभा चुनावों में 288 सीटों में से 230 सीटें जीतने और प्रतिद्वंद्वियों को लगभग खत्म करने के ठीक तीन महीने बाद सत्तारूढ़ महायुति में दरार की चर्चाएं शुरू हो गई हैं, और कोई भी स्पष्टीकरण या दावा अटकलों को खत्म करने में मदद नहीं कर रहा है। पिछले नवंबर में नतीजे आने के बाद, अपने नेता फड़णवीस को मुख्यमंत्री बनाने के भाजपा के फैसले के बाद, शिव सेना प्रमुख शिंदे को काफी मनाने के बाद उपमुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा।

हालाँकि फड़नवीस और शिंदे दोनों ने अपने बीच किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया है और सब कुछ ठीक है के संदेश के साथ एकता की तस्वीर पेश करने की कोशिश की है, लेकिन कई उदाहरण अन्यथा सुझाव देते हैं। रायगढ़ और नासिक जिलों के संरक्षक मंत्रियों पर फैसले से दरार बढ़ती देखी गई। राकांपा विधायक अदिति तटकरे और भाजपा नेता गिरीश महाजन की क्रमशः रायगढ़ और नासिक के संरक्षक मंत्री के रूप में नियुक्ति से शिवसेना नाराज थी। हालांकि दोनों नियुक्तियों को रोक दिया गया है, फिर भी मामला अनसुलझा है। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो मुख्यमंत्री के 卐वॉर रूम卐 के अलावा, दोनों डिप्टी सीएम - अजीत पवार और शिंदे - ने उन परियोजनाओं पर नज़र रखने के लिए निगरानी इकाइयाँ स्थापित कीं, जो उन जिलों के अंतर्गत आती हैं, जिनके वे संरक्षक मंत्री हैं और विभाग उनकी संबंधित पार्टियों के मंत्रियों द्वारा संभाले जाते हैं।

## संगम का जल स्नान करने और आचमन करने योग्य है या नहीं ? खड़े होकर मुख्यमंत्री योगी ने तगड़ा धोया



प्रयागराज के पानी में मल बैक्टीरिया की खबरों के बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संगम का पानी स्नान के लिए उपयुक्त है और आरोप लगाया कि यह महाकुंभ को बदनाम करने का प्रचार है। यह कार्यक्रम किसी विशेष पार्टी या सरकार द्वारा आयोजित नहीं किया गया था - यह समाज का है, जबकि सरकार केवल इसकी सुविधा दे रही है। हम इस कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए सेवक के रूप में वहां हैं। उत्सव के सात दिन अभी बाकी हैं। आज दोपहर तक, 56 करोड़ 26 लाख भक्तों ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई है।उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मची भगदड़ पर उन्होंने 29 जनवरी को मची भगदड़ से प्रभावित हुए सभी लोगों के साथ ही डुबकी लगाकर लौटते समय हुए हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना व्यक्त की।

हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं और हमारी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। सरकार उनके साथ खड़ी है. हालाँकि, इस घटना का राजनीतिकरण करना उचित नहीं है। यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सभी लोग चर्चा में हिस्सा ले रहे हैं, उस वक्त 56.25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु प्रयागराज में डुबकी लगा चुके हैं। जब हम सनातन धर्म, मां गंगा, भारत या महाकुंभ के खिलाफ कोई बेबुनियाद आरोप लगाते हैं या फर्जी वीडियो बनाते हैं, तो यह इन 56 करोड़ लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

योगी आदित ?यनाथ ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी खास पार्टी या संगठन द्वारा नहीं किया जा रहा है और तमाम झूठे अभियानों को दरकिनार करते हुए दुनिया भर ने इस आयोजन में हिस्सा लिया है और इसे सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। महाकुंभ के सात दिन बचे हैं, और आंकड़ों के अनुसार, आज दोपहर तक 56 करोड़ से अधिक भक्तों ने पवित्र डुबकी लगाई है। हमारी सहानुभूति उन सभी लोगों के साथ है जो 29 जनवरी को भगदड़ का शिकार हुए थे। जो लोग कुंभ के लिए यात्रा करते समय सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा बैठे। हमारी संवेदनाएं परिजनों के साथ हैं, सरकार उनके साथ खड़ी है, सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी लेकिन इसका राजनीतिकरण करना कितना उचित है।

## केजरीवाल अच्छा काम कर रहे थे, लेकिन शराब की दुकानें खोलना लोगों को पसंद नहीं आया' अन्ना हजारे

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक मुख्यमंत्री के तौर पर अच्छा काम कर रहे थे, लेकिन उन्होंने शराब की दुकानें खोलनी शुरू कर दीं और इसके परिणामस्वरूप उन्हें लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। रेखा गुप्ता के दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने पर हजारे ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजधानी के लिए गर्व की बात है कि एक महिला शीर्ष कुर्सी पर बैठी है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि लोगों ने गुप्ता को उनके शुद्ध विचारों और कार्यों के कारण वोट दिया।80 ? ?वर्षीय कार्यकर्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर केजरीवाल को समाज के सामने एक उदाहरण पेश करना चाहिए था, लेकिन वे भटक गए। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को आम आदमी पार्टी के जन्म का श्रेय दिया जाता है।

हजारे ने आप सरकार की विवादास्पद आबकारी नीति का जिक्र करते हुए संवाददाताओं से कहा, पहले के मुख्यमंत्री (केजरीवाल) अच्छा काम कर रहे थे और तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। मैंने उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा क्योंकि वह अच्छा काम कर रहे थे। लेकिन फिर, उन्होंने धीरे-धीरे शराब की दुकानें खोलनी शुरू कर दीं और लाइसेंस जारी करने लगे। तब मैं परेशान हो गया।

केजरीवाल कभी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में हजारे के सहयोगी थे। हजारे, विशेष रूप से, शराब की खपत या बिक्री के कट्टर विरोधी के लिए जाने जाते हैं। केजरीवाल कभी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में हजारे के सहयोगी थे, लेकिन 2012 में केजरीवाल द्वारा आप का गठन करने के बाद दोनों अलग हो गए। इस महीने की शुरुआत में हुए चुनावों में, भाजपा ने दिल्ली में आप को सत्ता से बाहर कर दिया, और केजरीवाल अपनी सीट हार गए।

केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गई थीं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया था। बाद में नीति को रद्द कर दिया गया।

## योग गुरू ज्योति बाबा एक बार फिर हुए सम्मानित

### ज्योति बाबा का मेरिट के आधार पर किया गया चयन

कानपुर/दिल्ली। नेशनल लेवल पर दिए जाने वाले मोस्ट इंस्पायरिंग आइकॉन ऑफ़ द ईयर अवार्ड के लिए अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख एवं इंडिया बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड,एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरू ज्योति बाबा का चयन हो चुका है आपको यह सम्मान 22 फरवरी को दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल प्लाजा महिपालपुर दिल्ली में दिया जाएगा। नेशनल लेवल पर चयनित होने की जैसे ही खबर देश के नशा मुक्ति सेनानियों को हुई,उनमें खुशी की लहर जाग उठी,क्योंकि अब देश की जनता नशे के विरुद्ध लामबंद हो रही है क्योंकि दिल्ली में शराब पॉलिसी के विरुद्ध बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने वोट किया है बिहार के बाद मध्य प्रदेश में भी 18 जिलों में पूर्ण शराब पर प्रतिबंध लगने जा रहा है। इस अवसर पर बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोपीकर एवं डिनों मौरिया विशेष रूप से अवार्ड सेरेमनी के चीफ गेस्ट हैं साथ ही इस मौके पर देश के प्रमुख इंडस्ट्रीज,एंटरप्रेन्योर्स, लीडरशिप,स्टार्टअप एवं सोशल एक्टिविस्ट विशेष रूप से भाग लेंगे।इन सभी क्षेत्रों में पूरे देश से 100 लोगों का चयन किया गया है। समाज सेवा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख योग गुरू ज्योति बाबा का मेरिट के आधार पर चयन किया गया है। योग ऋषि डॉक्टर ओमप्रकाश आनंद ने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरा शिष्य श्री श्री ज्योति बाबा आज नशा मुक्ति के क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों हेतु राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना रहा है। पीयूष रंजन सनातनी ने जोर देकर कहा कि श्री ज्योति बाबा को इससे पूर्व इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,प्रदेश रत्न,भारत सेवा श्री सम्मान समेत सैकड़ो पुरस्कार नशा मुक्ति युवा भारत अभियान के लिए प्राप्त हो चुके हैं और 22 फरवरी को दिल्ली में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के बीच ज्योति बाबा को दिया जाने वाला यह पुरस्कार मोस्ट इंस्पायरिंग आईकॉनिक इयर अवॉर्ड हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान ज्योति बाबा का नहीं,यह सम्मान देश के सभी नशा मुक्ति सेनानियों को समर्पित है।आपको राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हेतु चयनित किए जाने के लिए संस्था योग ज्योति के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह,प्रमुख संयोजक डॉक्टर प्रवीण,आनंद जी महाराज, हरेंद्र मूर्ति जी, डा. ओम प्रकाश आनंद जी,पीयूष रंजन मिश्रा,शैलेंद्र श्रीवास्तव



एडवोकेट,नवीन गुप्ता, गिरधर गर्ग,श्रवण कुमार,प्रदीप बिश्नोई,राकेश गुप्ता,विकास गौड़ एडवोकेट,रोहित कुमार,स्वामी अमिताभ,किशोर भाई एवं गीता पाल जी ने हर्ष व्यक्त किया है। एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल फोर्स एवं सनातन महासभा के पूरे देश की टीम ने अपने नेशनल ब्रांड एंबेसडर ज्योति बाबा को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है।

## पड़ोसी के मुर्गे के चलते बवाल हो गया.. बांग पर घमासान.

सुबह की ताजी हवा, परिंदों की चहचहाहट और गांव का सुकूनज लेकिन केरल के पत्तनमतिट्टा जिले के पल्लीकल गांव में यह सुकून एक मुर्गे की बांग ने छीन लिया ! रोज सुबह तीन बजे उठकर बांग देने वाले इस मुर्गे ने बुजुर्ग राधाकृष्ण कुरुप की नींद हराम कर दी. जब रातों की नींद उड़ गई, तो दिन का चैन भी गायब हो गया. परेशान होकर कुरुप ने अपने पड़ोसी अनिल कुमार के इस 'घोषणापत्री' मुर्गे के खिलाफ आरडीओ (राजस्व संभागीय अधिकारी) से शिकायत कर दी.असल में शिकायत मिलते ही अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया और मौके की जांच की. पता चला कि अनिल कुमार ने अपने मुर्गे को घर की ऊपरी मंजिल पर रखा था, जिससे उसकी बांग दूर तक सुनाई देती थी. जांच में यह भी पुष्टि हुई कि लगातार मुर्गे की आवाज से बुजुर्ग कुरुप को सच में परेशानी हो रही थी.मामले को निपटाने के लिए आरडीओ ने दोनों पक्षों को बुलाया और समाधान निकाला. अधिकारियों ने अनिल कुमार को आदेश दिया कि वह अपने मुर्गे का बाड़ा घर की ऊपरी मंजिल से हटाकर दक्षिणी हिस्से में शिफ्ट करें, ताकि कुरुप को चैन की नींद मिल सके.इस आदेश को लागू करने के लिए पड़ोसी को 14 दिन का समय दिया गया है. यानी अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुर्गे की बांग की गूंज वाकई कम होगी,

## पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन- सेराज अहमद कुरैशी

### अर्थ, शक्ति, जाति धर्म से प्रभावित होकर पत्रकारिता न करें-देवानंद सिन्हा

बीपीएस न्यूज

कानपुर।इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का सातवा अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान, सम्मेलन व संगोष्ठी मौलाना आजाद रिसर्च सेंटर सभागार, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजी नगर) महाराष्ट्र मे हुआ सम्पन्न। इस कार्यक्रम में देश विदेश के सैकड़ों पत्रकारो ने लिया हिस्सा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने महाराष्ट्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून तो बना दिया है मगर सही मायने में अभी तक उसका लाभ पत्रकारों को नहीं मिल रहा है। वैसे तो पत्रकारों को देश का चौथा स्तंभ कहा जाता है मगर आज भी पत्रकार अपने हितों के लिए लड़ाई लड़ रहा है। सरकार को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन। महाराष्ट्र सरकार विधान परिषद में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की तरह पत्रकार निर्वाचन क्षेत्र बनाएं। उन्होंने कहा कि हर शब्द का अपना कलेवर होता है इसलिए शब्दों के चयन पर पत्रकारों को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

बदलते परिवेश में पत्रकारों को समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन कर नई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सुविधाओं व सहज भाषा शैली का ज्ञान देते हुए प्रशिक्षित करने की जरुरत है।

विशिष्ट अतिथि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा ने कहा कि अर्थ, शक्ति, जाति धर्म से प्रभावित होकर पत्रकारिता न करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मराठवाडा प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ताबिश और संचालन प्रदेश महासचिव मिर्जा शफीक बेग ने किया। कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद ताबिश ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को आचार्य बाल शास्त्री जांभेकर अवार्ड सम्मान एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस सम्मेलन में महिला विंग की राष्ट्रीय सचिव मधु सिन्हा, नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार इस्तेयाक आलम, चंदन महतो, प्रेम स्वरूप श्रीवास्तव, शेख जाकीर हुसेन (विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष), सय्यद अनवर अली (प्रदेश संगठनमंत्री) सलीम मोहम्मद कुरेशी (पालघर), जावेद शेख यवतमाळ, एडवोकेट राहुल शेंडे गडचिरोली अश्फाक आरिफ खान प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, इरफान शेख जिल्हाध्यक्ष औरंगाबाद, आमेर खान जिल्हा जालना, जाकीर भाई, शेख मुजीब आदि सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहें।

## ननद और उसकी बहन से खार खाए थी भाभी, करा दिया कांड

ननद-भाभी में झगड़ा यूं तो आम बात है. लेकिन मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां झगड़े के बाद भाभी ने ननद पर कुत्ते से हमला करा दिया. मालकिन का इशारा मिलते ही पालतू कुत्ते ने दोनों ननद पर हमला कर दिया. खूंखार डॉगी ने अपने मजबूत जबड़े और कटीले दातों के प्रहार से दोनों को घायल कर दिया. इस तरह से भाभी जी ने अपनी ननदों से लड़ाई का ऐसा बदला लिया कि सुनने वालों की भी रूह कांप उठी.

दरअसल ननद-भाभी के बीच झगड़ा पुश्तैनी घर में पानी फैलाने को लेकर शुरू हुआ. दोनों के बीच की तू-तू-मैं-मैं इतनी बढ़ी कि भाभी ने के दिल में जहर पनपने लगा और उसने बदला लेने के लिए अपना पालतू कुत्ता छोड़ दिया.

पीड़ित ननद का दावा है कि उसे देखते ही भाभी ने अपने कुत्ते की जंजीर खोल दी और इशारा करके कुत्ते को हमले के लिए उकसाया. इस दौरान कुत्ते ने बबीता के पैर पर और उनकी बहन कमलेश के गाल पर काट लिया. दोनों लहूलुहान ननद अपना दुखड़ा लेकर घाव दिखाने पुलिस के पास पहुंची उसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया. पुलिस ने जैसे तैसे मामला संभाला अब कहा जा रहा है कि पुलिस का काम और सिरदर्द दोनों बढ़ गए हैं क्योंकि अब हमारी पुलिस घर के कलेश के दायरे में आने वाली ननद भाभी का आपसी लड़ाई-झगड़ा भी पूरी शिद्दत से सुलझाने में जुटी है.पिछले हफ्ते भी ननद भौजाई की लड़ाई का एक मामला सामने आया था. तब बिहार के रोहतास में बच्चे की मौत की उस घटना ने माननता को झकझोर दिया था. ननद-भाभी के बीच के पारिवारिक झगड़े में 3 साल के मासूम बच्चे की बली चढ़ा दी गई.

बच्चे की हत्या का आरोप मामा-मामी पर लगा है. बच्चे के पिता ने कहा कि मामी ने अपने सगे भांजे को दूध रोटी खिलायी थी. उसमें चुपके से जहर मिला दी थी जिससे मौत हो गई. दिनारा के पड़रिया गांव में मारे गए बच्चे की पहचान सत्यम(3), पिता शैलेंद्र सिंह के रूप में हुई है. घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि दिनारा थाना के धरकंधा गांव के रहने वाले शैलेंद्र सिंह की पत्नी अपने तीन वर्ष के पुत्र सत्यम को लेकर मायका गई हुई थी. मायका में ही किसी बात को लेकर मृतक सत्यम की मां तथा मामी में विवाद हो गया.

# बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने ठप रखा काम, शताब्दी गेट से निकाला जुलूस




कानपुर। अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल-2025 के विरोध में शुक्रवार को कचहरी में वकीलों ने काम ठप रखा। दोपहर में शताब्दी गेट पर एकत्र हुए वकीलों ने जुलूस निकाला और नारेबाजी की। इसके बाद कानूनमंत्री का पुतला फूंका और कलक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को जापन सौंपा।

कचहरी में अधिवक्ता शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे और शताब्दी गेट से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकाला। अधिवक्ता एकता जिंदाबाद, काला कानून वापस लो के नारे लगाए।

बिल वापसी की मांग करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे और रास्ते में कानूनमंत्री का पुतला फूंका। पुतला फूंकते समय पुलिस से धक्कामुक्की भी हुई। इस पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष इंदीवर बाजपेई, महामंत्री अमित सिंह के नेतृत्व में वकीलों ने विरोध दर्ज कराया। इसके बाद पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन के दौरान बार अध्यक्ष ने मांग किया कि अधिवक्ता व उनके परिजनों के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्रावधान किया जाए। परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अलावा कोई समाहित न किया जाए और उनके लोकतांत्रित स्वरूप को यथावत रखा जाए। बार एसोसिएशन महामंत्री ने कहा कि अधिवक्ताओं का 10 लाख का मेडीक्लेम किया जाए। नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेट्स एक्ट में था, उसको यथावत स्थितियों में रखा जाए।

केंद्र सरकार की ओर से रेगुलेशन बनाने की जो बातें कही गई है, उन्हें तुरंत समाप्त किया जाए। पूर्व लॉयर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने कहा कि बिल संविधान के अनुच्छेद 19 के विपरीत है। सरकार अधिवक्ताओं को कमजोर कर न्यायपालिका पर कब्जे का प्रयास कर रही है। वहीं हड़ताल से वादकारी भटकते नजर आए। ज्ञापन देने वालों में लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष श्याम नारायन, महामंत्री अभिषेक तिवारी, विजय शंकर रावत, शिव प्रताप सिंह चौहान, वीरेंद्र कुमार पासी, राम नवल कुशवाहा, गौरांग त्रिवेदी, पंकज दीक्षित, आकाश तिवारी, हरीशंकर यादव, अंसार अहमद खां, राकेश कुमार शुक्ला आदि रहे।

# विकास भवन में टी0बी0 रोग मुक्त भारत अभियान की हुई बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विकास भवन में टी0बी0 रोग मुक्त भारत अभियान की बैठक की गयी जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नगरीय, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

इस बैठक में विशेष रूप से 100 दिवस टी0बी0 कैम्पेन के कार्यों की समीक्षा की गयी ताकि इसमें उपलब्धि बढ़ायी जा सके। जनपद में अब तक 466910 स्क्रीनिंग हुयी है, जो कि लक्ष्य का 55 प्रतिशत है जबकि कुछ विकास खण्डों में स्क्रीनिंग का प्रतिशत काफी अधिक है, लेकिन चाचा नेहरू अस्पताल, टी0बी0 आइसोलेशन हॉस्पिटल, सामु0स्वा0 केन्द्र पतारा, सी0एस0सी0 पाण्डु नगर, जागेश्वर हास्पिटल, की प्रगति क्रमशः 13,19,29 व 36 प्रतिशत होने पर सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों जो बाटम 05 स्थान पर हैं, उन चिकित्साधिकारियों के माह फरवरी-2025 का वेतन रोकने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये गये।

जो एम0ओ0आई0सी0 जो बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे हैं तथा जिनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए है और वह कुछ बता नहीं पाये हैं, बिना किसी सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्साधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर नगर को दिये गये तथा भविष्य में बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये।

100 डेज कैम्पेन में आई0डी0 जनरेशन 489852 के सापेक्ष दिनांक 14-02-2025 तक 44754 आई0डी0 जनरेट हुई है, इसमें मुख्य इश्यू लोग चेस्ट एक्सरे नहीं करवाना चाहते है, जिसके कारण प्रगति बहुत कम है। सी0एच0सी0 ककवन का 0 प्रति0, किदवई नगर, बिल्हौर, जागेश्वर हास्पिटल, पी0एच0सी0 गुजैनी, व सी0एच0सी0 शिवराजपुर में 1 प्रतिशत हुआ है। इसमें भी बॉटम 05 वाले चिकित्सा अधिकारियों का माह फरवरी-2025 का वेतन रोकने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त अन्य अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों की प्रगति भी खराब है। इसमें मेरा जनता से अनुरोध है कि जिनमें टी0बी0 के सिम्प्टम मिल रहे हैं, वह अपना चेस्ट एक्सरे अपने निकटस्थ सी0एच0सी0 की राय के अनुसार अवश्य करायें और यदि टूनॉट से काम हो सकता है तो यही करा लें ताकि टी0बी0मुक्त की ओर बढ़ सकें।

इसके अतिरिक्त बैठक में यह बताया गया कि अभी 1281 सरकारी चिकित्सालयों में तथा 1484 प्राइवेट चिकत्सालयों में टी0बी0 के रोगी चिन्हित किये गये हैं, जिनमें से 516 रोगियों का इलाज नहीं चल रहा है इस सम्बन्ध में बताया गया कि इनमें से कुछ अन्य जिलों में हैं तथा कुछ का इन प्रोसेस है।

निर्देश दिये गये कि एक-एक रोगी की ट्रैकिंग कर के उनको इलाज किया जाय कोई भी रोगी अनावश्यक कारण से इलाज से वंचित न रहे।

बेनीफिसियरी बैंक एकाउन्ट वैलिडेशन स्टेटस का अवलोकन करने पर जनपद में मात्र 14 प्रतिशत टी0बी0 रोगियों को चिन्हित कर कुल 2524 रोगियों को लाभ दिया गया है। यह काफी धीमी गति से हो रहा है। निर्देश दिये गये कि इसको तेजी से बढ़ाया जाय। सभी टी0बी0 रोगियों को सभी लाभ दिया जाना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। बताया गया कि जनपद की 78 ग्राम पंचायतें टी0बी0 मुक्त हैं, निर्देश दिये गये कि इन सभी ग्राम पंचायतों को 100 प्रतिशत टी0बी0मुक्त ग्राम पंचायत कराये जाने हेतु सर्वे करा लिया जाए ताकि यह कार्य मार्च-2025 तक पूर्ण हो सके।

# जनसुनवाई में नायाब तहसीलदार सदर की हुई शिकायत, जिलाधिकारी ने फोन पर लगाई क्लास

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला संज्ञान में आया जिसमें प्रार्थी राजेश ग्राम टुन्ना, सचेंडी निवासी राजेश ने शिकायत किया कि नायाब तहसीलदार सदर रिचा सचान अपने कार्यालय में समय से नहीं आती हैं और न ही कार्यालय में बैठती हैं। प्रार्थी की शिकायत है कि वह पिछले छह महीने से उनसे मिल नहीं पा रहा हैं। इसपर जिलाधिकारी ने संबंधित नायब तहसीलदार को फोन लगाया तो नायब तहसीलदार ने खुद को मा. इलाहाबाद हाईकोर्ट में बताया।

जिलाधिकारी ने उनसे यह भी पूछा कि आपका ष्टत्र नंबर क्यों नहीं लगता है जिस पर उन्होंने कहा कि उन्हें सीयूजी नंबर अभी तक नहीं मिला है, जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें समय से कार्यालय में बैठने के साथ-साथ ष्टत्र नंबर के नियमित इस्तेमाल करने व प्रार्थी से मिलकर उसकी समस्या का समय से समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए यह भी कहा कि अधिकारी व कर्मचारी मेरे द्वारा किए गए निरीक्षण का इंतजार ना करें, बल्कि इसके पहले ही अपने कार्यालय में समय से उपस्थित होकर जनता की समस्याओं का समाधान करें, जिससे शासन की नीतियों को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समय से पहुंचाया जा सके।

# अपर पुलिस आयुक्त/पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने थाना शिवराजपुर मे समाधान दिवस के मौके पर आये फरियादियों की सुनी समस्याएं

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अपर पुलिस आयुक्त/पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना शिवराजपुर मे समाधान दिवस के मौके पर आये हुए फरियादियों की समस्याओ को सुना गया एवं उनके तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।थाना समाधान दिवस के मौके पर अपर पुलिस आयुक्त/ पुलिस उपायुक्त पश्चिम, राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना शिवराजपुर मे उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

साथ ही प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रो की तत्काल जाँच करा कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराये जाने एवं आगंतुकों/पीड़ितों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके बैठने की उचित व्यवस्था करने के साथ ही सभी की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी शिवराजपुर को निर्देशित किया गया,

इसके अतिरिक्त थाने में बीट पुलिस ऑफीसर(क्चक्कह्र) को अपने बीट क्षेत्र में सक्रिय होकर समस्याओ की जाँच कर एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही को नियत समय में निस्तारण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके जिलाधिकारी कानपुर नगर, उप जिलाधिकारी बिल्हौर, सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर, राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# एमएसएमई एक्सपो-2025 में उपक्रमों/विभागों/बैंकों/इकाइयों द्वारा 85 से अधिक स्टाल लगाकर उत्पादों/सेवाओं का किया गया प्रदर्शन

कानपुर। भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एमएसएमई-विकास कार्यालय, कानपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं एमएसएमई एक्सपो-2025 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ विभागों/बैंकों/एमएसएमई इकाइयों ने 85 से अधिक स्टाल लगाकर अपने उत्पादों/ सेवाओं का प्रदर्शन किया गया।

रजत कटियार, यंग प्रोफेशनल, एमएसएमई-विकास कार्यालय, कानपुर ने सम्बोधन में एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला जैसे- पीएम विश्वकर्मा योजना, उद्यम पंजीकरण, लीन, क्लस्टर, जेड प्रमाणन, बार कोड, पीएमएस, स्फूर्ति, पब्लिक प्रोक्योरमेण्ट पॉलिसी इत्यादि।डा0 भक्ति विजय शुक्ला, सहायक निदेशक, विस्तार केन्द्र सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र, कानपुर ने एमएसएमई उद्यमियों से आह्वान किया कि आप लेमन और लेवण्डर ग्रास की खेती करके उसके ऑयल से परफ्यूम बनाने वाली तकनीक संबंधी उद्यम स्थापित कर आप आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अपने उत्पाद का निर्यात भी कर सकते है।

आशीष श्रीवास्तव, शाखा प्रमुख, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि0, लखनऊ ने अपने वक्तव्य में कहाकि एमएसएमई के उद्यमों को कौशलयुक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम द्वारा किया जा रहा है जिससे बड़ी संख्या में उद्यमी लाभान्वित हो रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को चरितार्थ कर रहे हैं। शैलेश पारिख, डीजीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, कानपुर ने ऋण संबंधी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसके तहत उद्यमियों को उद्यम की स्थापना हेतु बैंक से ऋण लेने में सुविधा हो।



मकसूद खान, अध्यक्ष, इमर्जिंग बिजनेस चैम्बर ऑफ कामर्स, लखनऊ अपने संबोधन में कहा कि आप सभी उद्यमियों को अपने उद्यम के प्रति जागरूक रहना होगा एवं नवाचार तकनीक का उपयोग कर अपने उत्पाद को कम लागत में बाजार तक उपलब्ध कराना होगा, जिससे आपको अधिक लाभ प्राप्त हो सकेंगे।

उपरोक्त तकनीकि सत्रों के अतिरिक्त प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विभिन्न स्टार्टअप के प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने विकसित स्टार्टअप के बारे में उद्यमियों से जानकारी साक्षा की। तत्पश्चात संयुक्त निदेशक/ कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में संस्थान के एस.के.पाण्डेय, सहायक निदेशक, अमित बाजपेयी, सहायक निदेशक, नीरज कुमार, सहायक निदेशक, के.पी.शील, सहायक निदेशक और लगभग 100 उद्यमी उपस्थित थे।

# पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कल्याणपुर थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए सुधार और सेवा के निर्देश



कानपुर। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने थाना कल्याणपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, और परिसर की सफाई का निरीक्षण किया। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह, थाना प्रभारी कल्याणपुर मौजूद रहे।आगंतुकों और पीड़ितों के साथ सम्मानजनक व्यवहार, उचित बैठने की व्यवस्था और शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी और पुलिस टीम की उपस्थिति में यह निरीक्षण संपन्न हुआ।

# कानपुर जिलाधिकारी ने हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा तैयारियों को लेकर की बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश एवं अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के क्रम में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा दिनांक 24 फरवरी, 2025 से 12 मार्च, 2025 के मध्य आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की तैयारियों के सम्बन्ध में चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, आजाद नगर, कानपुर नगर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुयी।जिसमें मनोज पाण्डेय, पुलिस उपायुक्त, कानून एवं व्यवस्था, कमिश्नरेट, राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अरूण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, राजीव कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) के साथ समस्त जोनल/ सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कन्ट्रोल रूम प्रभारियों तथा सचल दल प्रभारी उपस्थित रहे। इसी कम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को एक टीम के रूप में परीक्षा सम्पादित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।साथ ही उनके द्वारा विगत वर्षों की परीक्षाओं में आई कठिनाइयों के निराकरण पर भी। बैठक में अन्त में अरूण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक की कार्यवाही की घोषणा की गयी।

# अतिक्रमण और यातायात संबंधी समस्या को लेकर पुलिस उपायुक्त यातायात ने गेस्ट हाउस एवं रिजोर्ट्स स्वामीयो/प्रबंधकों के साथ की बैठक

कानपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा कानपुर नगर के विभिन्न गेस्ट हाउस, फार्म हाउस एवं अन्य विवाह कार्यक्रम स्थलों के प्रबंधकों और संचालनकर्ताओं के साथ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात को सुचारु बनाए रखना तथा कार्यक्रम स्थलों के पास जाम की स्थिति को रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

बैठक में पुलिस उपायुक्त ने सभी प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर ट्रैफिक गाइड नियुक्त करें, जो कार्यक्रम स्थल के पास यातायात को नियंत्रित करने में सहायक हों। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम स्थलों के आसपास सड़क पर अतिक्रमण न होने दिया जाए तथा पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले।बैठक में यह भी चर्चा की गई कि आयोजन स्थलों पर प्रवेश और निकासी मार्गों को व्यवस्थित रखा जाए, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात प्रभावित न हो। यातायात पुलिस की ओर से भी इस दिशा में उचित सहयोग प्रदान किया जाएगा।यदि किसी कार्यक्रम स्थल पर यातायात संबंधी समस्या उत्पन्न होती है, तो आयोजनकर्ताओं को तुरंत यातायात नियंत्रण कक्ष को सूचित करना चाहिए, ताकि त्वरित समाधान निकाला जा सके।

सभी आयोजन स्थलों के प्रबंधकों ने पुलिस उपायुक्त के निर्देशों को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में देरी से महापौर नाराज, तीन कर्मचारियों पर गिरी गाज



बीपीएस न्यूज

कानपुर।।जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में देरी से महापौर बहुत ही नाराज हुई जिसके चलते जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में देरी करने वाले तीन कर्मचारियों पर गाज गिर गई। शुक्रवार को महापौर ने नगर निगम मुख्यालय में स्वास्थ्य विभाग की बैठक बुलाई तो तीन कर्मचारियों को स्थानतरित करने का आदेश जारी कर दिया। बैठक में सबसे ज्यादा शिकायतें जोन 6 जन्म मृत्यु विभाग के लिपिक सौरभ सिंह को लेकर थी. जिस पर जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर आवेदकों से पैसा लेने का आरोप था। महापौर ने बैठक में अपर नगर आयुक्त प्रथम को निर्देश दिया कि लिपिक सौरभ सिंह को जोन 6 से तत्काल हटाकर गौशाला स्थानतरित कर दिया जाए। वहीं महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्य में लगातार लापरवाही बरत रहे कर्मचारी बाबू आजाद एवं नासिर को भी हटाने के आदेश जारी कर दिए। आपको बता दे कि नासिर एक चर्तुर्थ श्रेणी कर्मी है जिससे स्वास्थ्य विभाग बाबू का काम ले रहा है और इसकी बीते तीन वर्षो में काफी शिकायते आयी,लेकिन स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से अब तक कोई भी कार्यवाही नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नही की गई। वहीं मीटिंग में महापौर प्रर्मिला पाण्डेय ने बुधवार तक सभी जोनल से जनवरी-फरवरी में जन्म और मृत्यु के कितने आवेदन हुए उनका निस्तारण एवं पिछले एक महीने में एनओसी को लेकर पूरी जानकारी मांगी है। महापौर ने हर अपर नगर आयुक्त को जोन में जन्म मृत्यु का लगातार निरीक्षण करने का आदेश दिया है। महापौर ने ये भी कहा कि हर जोन में एक बोर्ड लगेगा जिसमें जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का शुल्क व निर्धारित समय सीमा की जानकारी दी जाएगी। इस बोर्ड में संबंधित जोनल अधिकारी और महापौर का मोबाइल नंबर भी अंकित होगा... महापौर ने कहा कि अगर कोई निर्धारित शुल्क से अधिक रूपए मांगेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही महापौर ने कहा कि अगले महीने स्कूलों में एडमिशन शुरू होंगे ।

# होटल व रेस्टोरेंट में खाद्य विभाग की टीम ने मारे छापे, एक ही फ्रीजर में रखे मिले वेज और नॉनवेज



बीपीएस न्यूज

कानपुर।जिलाधिकारी के आदेश एवं सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देश पर नगर में स्थित होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारियों व उनकी टीम द्वारा किया गया। रामादेवी स्थित न्यू कालिका होटल में एक ही फ्रीजर में वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थ रखे मिले। नॉनवेज खाद्य पदार्थ के साथ 5 किलो मटर, तैयार लगा आटा, तैयार मिक्स सब्जी रक्खी पाई गई। जिसे मौके पर नष्ट कराते हुए होटल संचालक को नोटिस जारी किया गया।

कल्याणपुर स्थित होटल द डायनिंग हाउस का निरीक्षण किया गया। तो वहां वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थ अलग-अलग फ्रीजर में रखे पाए गए। वही होटल से पनीर, सफेद मिर्च पाउडर एवं सब्जी मसाले का नमूना लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। आईआईटी गेट के पास स्थित रेस्टोरेंट द हाईवे चिकन किंग का निरीक्षण किया गया तो वहां अत्यंत गंदगी पाई गई। कर्मचारी भी साफ सुथरे कपड़े नहीं पहने हुए थे। जिस पर रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

फूल बाग स्थित होटल मंदाकिनी एवं कान्हा क्लासिक में निरीक्षण किया गया तो वहां साफ सफाई के साथ खाद्य पदार्थ का रखरखाव संतोषजनक पाया गया। होटल डाउनटाउन का निरीक्षण किया गया जहां पर साफ सफाई करने एवं वेज नॉन वेज खाद्य पदार्थों को अलग-अलग रखने के निर्देश दिए गए हैं। पार्वती बांग्ला रोड स्थित आर एंड डी हॉस्पिटैलिटी होटल में संचालित किचन के अंदर वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थों को एक साथ रखा गया था साथ ही स्टोर रूम में एक्सपायर खाद्य पदार्थ भी रखें पाए गए थे। उक्त प्रतिष्ठान से एक्सपायर खाद्य पदार्थ व नॉनवेज के साथ रखा हुआ वेज खाद्य पदार्थ को नष्ट कराते हुए संचालक को नोटिस थमाया गया है। वही मौके से क्रीम, पनीर व दही के नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए संग्रहित किए गए। श्याम नगर स्थित रेस्टोरेंट काके द हट्टी का संचालक मौके पर खाद्य लाइसेंस खाद्य विभाग टीम को नहीं दिखा पाया। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थान में खाद्य विभाग की टीम को अत्यधिक गंदगी मिली। जिससे मौके पर रेस्टोरेंट को बंद कराते हुए नियमानुसार साफ सफाई करने व खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही खाद्य प्रतिष्ठा को खोलने के निर्देश दिए गए हैं। वही खाद्य विभाग की टीम ने बताया कि आम जनमानस को साफ सुथरे एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगे भी छापेमारी की कार्यवाही जारी रहेगी।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर घटिया कार्य करने वाली संस्था के विरुद्ध की गई कार्यवाही

कानपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर घटिया कार्य करने वाली कार्रवाई संस्था के विरुद्ध की गई कार्यवाही।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा कल दिनांक 18 फरवरी को जनपद कानपुर नगर के अन्तर्गत सरसौल सैबसू महाराजपुर मार्ग (अ0जि0मा0) के जाने वाले मार्ग में किमी0 5.900 किमी0 के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया था।निरीक्षण के दौरान यह पाया गया की कार्यवाही संस्था द्वारा घटिया प्रकार की ईद का प्रयोग किया जा रहा था। जिसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को मौके का निरीक्षण कर करवाई संस्था के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए थे।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने परमट पहुंचे जिलाधिकारी, दिए महत्वपूर्ण निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। । महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने शुक्रवार को परमट मंदिर का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में स्वच्छता, रोशनी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि 24 घंटे शिफ्टवार सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि साफ-सफाई और अन्य महत्पूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। इसके अलावा, यातायात को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग लगाने तथा प्रवेश तथा निकली करते हुए श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन हेतु फ्लैक्स बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथ साथ सीसीटीवी कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई जाए। जनपद के अन्य मंदिरों में भी सुरक्षा और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए गए ।

नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिरिक्त टॉयलेट, पेयजल व्यवस्था तथा पर्याप्त संख्या में जगह जगह दस्त बिन वा रैम्प बनाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए।प्रवेश द्वार से मंदिर तक जाने वाले मार्ग को व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित स्थान पर पार्किंग हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त अस्पतालों को एक्टिव मोड में रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी द्वारा आनंदेश्वर धाम के दर्शन कर मंदिर प्रशासन तंत्र के साथ वार्ता कर उनकी सुविधाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## पांच दिवसीय बकरी पालन के प्रशिक्षण का हुआ समापन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्राद्योगिक विवि के अधीन संचलित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर कानपुर देहात में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत शिक्षित बेरोजगार लोगों ने रोजगार स्थापित करने हेतु पांच दिवसीय बकरी पालन पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें 11 महिला एवं 14 पुरुष मौजूद थे। केंद्र के पशु पालन वैज्ञानिक डाक्टर शशिकांत ने बकरी का चुनाव ,रखरखाव , बीमारिया एवं उसके उपचार तथा मार्केटिंग की बात बताई। साथ ही प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि बकरी को बियरर चेक की तरह उपयोग किया जाता है। जब चाहे उसको कैश करा सकते हैं जबकि अन्य पशु को बेचने का समय एवं बाजार का इंतजार करना पड़ता है द्य केंद्र के प्रभारी डाश अजय कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित किए।इस मौके पर डॉक्टर खलील खान ने बताया कि बकरियों का दूध दवा बनाने के काम आता है। प्रशिक्षण का समापन डॉ राजेश राय ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देकर प्रशिक्षण का समापन किया।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय कपूर का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

### जनता के दिलों में रमने वाला ही सच्चा जनसेवक



कानपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक अजय कपूर का जन्मदिन शुक्रवार को उनके कैंप कार्यालय सहित शहर भर में बडी ही धूमधाम के साथ मनाया गया ।उनको जन्मदिन की बधाई देने वालों में शहर की जानी मानी हस्तियों के अलावा वंचित वर्ग के साथ साथ महिलाएं भी भारी संख्या में थी ।लोगों ने कहा कि आम जनता के दिलों में राज करने वाले अजय कपूर सही अर्थो मे एक सच्चे जनसेवक है ।शुक्रवार को गोबिन्द नगर स्थित पूर्व विधायक अजय कपूर के कैंप कार्यालय पर सुबह से ही उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वालो का ताता लगने लगा ।उनके कैंप कार्यालय के बाहर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अलग अलग अपने बैनरों के साथ स्वागत के लिए फूल मालाओ व केक के साथ स्टाल सजा रखे थे ।उनके कैंप कार्यालय के बाहर की पूरी सडक समर्थकों से भरी थी ।बहन फाउंडेशन की हजारों महिलाएं शुभकामनाएं देने को आतुर थी ।दोपहर लगभग 12.15 बजे जैसे ही अजय कपूर मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेकने के बाद कैंप कार्यालय पहुंचे।

उन्हें बुके व शुभकामनाएं देने के लिए लोग उमड पडे ।सबसे पहले उन्हें प. रामकुमार पाठक तथा उनके बडे भाई कोपोस्टेट चेयरमैन विजय कपूर ने माला पहना अपनी शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया ।इसके बाद अजय कपूर ने स्वयं अपने शुभचिंतकों के पास जा जाकर उनसे बुके लेकर उनका आशीर्वाद व स्नेह लिया।

अजय ने एक बडे केक के अलावा समर्थकों द्वारा लाएं गए दर्जनों केक काटे व शुभचिंतकों ने उन्हें केक खिलाकर ईश्वर से उनके सदा स्वस्थ रहने व दीर्घायु की कामना की ।इस मौके पर लोगों ने कहा कि हजारों की भीड़ की मौजूदगी उनकी अथाह लोकप्रियता को दर्शाती है ।अजय ने राजनीति की कंटीली राहो से हमेशा अपने को बचाकर रखा ।उनका सादगीपूर्ण जीवन उन्हें अन्य राजनेताओं से बिल्कुल अलग रखता है ।यही कारण है कि उनके दीदार करने को आज भी लोग लालायित रहते हैं ।इस मौके पर अजय कपूर ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि वंचितो, व दीन दुखियों का मेरे लिए जो प्यार है वही मेरे लिए असली ताकत व पूंजी है ।यह दुनिया का सबसे अनमोल उपहार है।

बधाई देने वालो मे प्रमुख रूप से महेश दीक्षित, नवीन पंडित, प्रकाश वीर आर्य, हेमराज सिंह गौर,मंगलामुखी मन्नत माँ,हरविंदर सिंह लार्ड, अरविंद त्रिवेदी, विनोद दीक्षित, वैभव पाहवा,अंबुज शुक्ला, डा.जे.एस.नारंग,नव तिवारी, अंकज मिश्रा, अंजुली आदर्श दीक्षित पार्षद, रामजी शुक्ला, दिनेश कुमार शुक्ला एडवोकेट आदि रहे।

## ओपन स्नूकर व विलियर्ड खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रमोद जायसवाल द्वारा किया गया

कानपुर। दि कानपुर यूनियन क्लब लिमिटेड मे ओपन स्नूकर व विलियर्ड खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्लब प्रांगण में स्वर्गीय रामनाथ मेहरोत्रा की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शहर के प्रमुख स्नूकर खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता नॉक आउट के आधार से कराना निश्चित हुआ है। प्रतियोगिता में शहर के लगभग सभी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।स्नूकर प्रतियोगिता में लगभग 60 से 65 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।अभी तक लगभग 48 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन क्लब मे करा लिया है। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी प्रमोद जायसवाल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश कसेरा, विनय रस्तोगी, सैयद अली, ईशान शर्मा, अजय जायसवाल, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कानपुर जिलाधिकारी ने बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, जहाँ फर्जी अभिलेख तैयार मिले

### जो आप लोग कर रहे है, वो आग में कूदने वाला काम है-न शर्म है न भय है: जिलाधिकारी कानपुर



बीपीएस न्यूज

कानपुर। शासन के निर्देश में अर्बन एवं रूरल पीएचसी में आरोग्य मेला आयोजित किए जाने के निर्देश के क्रम में जनपद में आरोग्य मेले को आयोजित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बिरहाना रोड पटकापुर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सुबह 10ः30 पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया की ड्यूटी में उपस्थित डॉ दीप्ति गुप्ता द्वारा फर्जी अभिलेख तैयार करते हुए मरीजों के नाम रजिस्टर में दर्ज किए गए थे। पुस्टि करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा एक मरीज से फोन पर बात की गई की क्या आप आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आए थे। उस व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि वह कभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गया ही नहीं।

इस पर जिलाधिकारी द्वारा डॉक्टर दीप्ति से उनके द्वारा फर्जी तरीके से अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने फर्जी तरीके से नाम दर्ज किए हैं। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित डॉक्टर दीप्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के निर्देश उपस्थित प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। साथ ही पर्यवेक्षक अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ भी कार्यवाही किए जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

## स्वरूप नगर में खोला अपना नया हेल्थ सिटी क्लीनिक

कानपुर। पारस हेल्थ कानपुर ने आधिकारिक तौर पर स्वरूप नगर में अपना नया हेल्थ सिटी क्लीनिक खोला है। स्वरूप नगर में नए हेल्थ सिटी क्लिनिक का शुभारंभ स्थानीय निवासियों के लिए बेहतर हेल्थकेयर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लीनिक को स्थानीय लोगों की ज़रूरतों के हिसाब से समुदाय-केंद्रित तथा सुलभ चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उद्घाटन का नेतृत्व पारस हेल्थ कानपुर के फैसलिटी डायरेक्टर डॉ. वेंकटेश्वरलू मारापाका के साथ प्रसिद्ध समाजसेवी और मेडिको-सोशल एंटरप्रेन्योर डॉ. अवध दुबे ने किया। नए क्लीनिक को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि हाई क्वॉलिटी वाली हेल्थकेयर सर्विसेस को निवासियों के लिए ज्यादा सुलभ बनाया जा सके, सस्ती चिकित्सा देखभाल प्रदान किया जा सके और कंसल्टेशन तथा इलाज के लिए शहर से बाहर न जाना पड़े।

## बिल में अधिवक्ता के व्यवसाय में स्वतंत्रता के हनन का प्रयास किया जा रहा है:महामंत्री अमित शुक्ला



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर ने महामंत्री अमित शुक्ला के नेतृत्व में एडवोकेट एक्ट प्रस्तावित संशोधन 2025 का राज्य कर कार्यालय लखनपुर में सैकड़ो अधिवक्ताओं के साथ विरोध किया। महामंत्री अमित शुक्ला ने बताया कि यह जो बिल है वह अधिवक्ताओं की सवाययत को समाप्त करने वाला है।

इस बिल में अधिवक्ता के व्यवसाय में स्वतंत्रता के हनन का प्रयास किया जा रहा है, सरकार की मंशा अधिवक्ता की एकता को भंग करना है और बार काउंसिल में भी अपने चुने हुए या अपने चहेते लोगों को बैठना है जिससे कि अधिवक्ताओं की स्वायतता को समाप्त किया जा सके, और सरकार अपने मन मानी काम सारी संस्थाओं से करा सके। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, संजय गुप्ता, राजेश कुरील, राजाराम द्विवेदी, विनोद द्विवेदी, रत्नेश बरनवाल, अरुण आहूजा, एस एस निगम, कृष्ण गुप्ता आदि तमाम अधिवक्ता माजूद थे।

### हरजिंदर नगर की समस्याओ के निस्तारण के लिए कैंप का आयोजन

कानपुर। नगर निगम की टीम के साथ आज भगत सिंह पार्क पालिका बाजार,परदेवनपुर लाल बंगला में महापौर प्रमिला पांडे ने जनता की समस्यायों का एक शिविर का आयोजन किया गया ?। जिसमें इलाके की जनता ने अपनी अपनी समस्याओ से अवगत कराया। लाल बंगला,एन टू रोड में अतिक्रमण को लेकर महापौर को बताया, उन्होंने ने तत्काल प्रभाव से एन टू रोड का अतिक्रमण हटाया। अन्त में महापौर प्रमिला पांडे को पार्षद अशोक मेम्बर, दिनेश शास्त्री, सुमित बघावन व सोनू बाबा ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।